खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम : 13°C

बरेली, रविवार 30 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 1 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





जिहाद जैसे शब्दों पर मौलाना महमूद मदनी ने जताई आपत्ति पेज 2



सुल्तान अजलान शाह कप: कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में खेल टाइम्स



लंदन में भारत-पाकिस्तान की डिबेट कैंसिल, पाक ने भारत पर लगाया पीछे हटने का आरोप पेज 11



रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत बॉलीवुड

# नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला

## ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं, कोर्ट को तय करना है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट को यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं। चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं।



■ आरोपियों में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम शामिल

जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। इसके बाद 8 अगस्त और 29 नवम्बर को फैसला टला। अब कोर्ट 16 दिसम्बर को फैसला सुनाएगी। अप्रैल में ईडी ने 661 करोड़ की संपत्तियां जब्त करने का नोटिस जारी किया था। ईडी ने अप्रैल में एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे थे। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाली संपत्तियां खाली करने की मांग की थी। इन अचल संपत्तियों के अलावा ईडी ने एजेएल के 90.2 करोड़ रुपये के शेयरों को नवम्बर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था। ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया गया, कि वह हर महीने किराया ईडी के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे। जून 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से 5 दिनों में 50 घंटे पूछताछ हुई थी। फिर 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, आस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिये हड़पने का आरोप लगाया था।

# एनआईए ने हल्द्वानी से इमाम समेत दो लोगों को लिया हिरासत में

## दिल्ली ब्लास्ट के तार उत्तराखंड से जुड़े, हल्द्वानी पहुंची आंच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दिल्ली बम ब्लास्ट की आंच उत्तराखंड पहुंच गई है। मामले के तार उत्तराखंड से जुड़ते हुए महानगर हल्द्वानी के बनभूलपुरा तक पहुंच गए हैं। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने नैनीताल जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से एक इमाम और एक इलेक्ट्रीशियन को हिरासत में लिया गया है। जबकि नैनीताल की तल्लीताल मस्जिद के मौलाना मोहम्मद नईम से करीब तीन घंटे तक गहन पूछताछ की गई है। फिलहाल, इस मामले पर लोकल पुलिस कुछ भी खुलकर बोलने से बच रही है।



■ एसटीएफ और लोकल पुलिस के साथ भोर में दिया कार्रवाई को अंजाम

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार भोर में एनआईए ने एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिस वक्त यह कार्रवाई हुई दोनों आरोपी अपने घर में सो रहे थे। दोनों को पूछताछ के लिए एनआईए गोपनीय स्थान पर ले गई है। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डा. मुज़म्मिल शकील गनई, जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता और रिसर्च करता था, उसका कनेक्शन अब नैनीताल में मिल रहा है। ज्ञात हो कि इससे पहले इस आतंकी घटना के तार देहरादून और पिथौरागढ़ में खंगाले जा चुके हैं। इसी घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ती एनआईए ने उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

### डा. शाहीन के फ्लैट से मिले 18.5 लाख, सोने के बिस्किट व विदेशी करेंसी

**फरीदाबाद।** गुरुवार रात डा. शाहीन को निशानदेही के लिए लेकर पहुंची, तो टीम ने उससे ये डिजिटल लॉकर खुलवाया। लॉकर खोला गया, तो उसमें कई सारे पैकेट दिखे, जिसमें खाकी रंग की टेप भी लगी थी। शाहीन से उनके बारे में पूछा तो बोली कि इन पैकेट में सामान है। पैकेट खोलकर चेक किया, तो उसमें 500 के नोट भरे थे। सभी पैकेट खोलकर चेक किए तो इनमें 18.50 लाख रुपये नकद, सोने के दो बिस्किट, गहने मिले। सोने के बिस्किट व जूलरी का कुल वजन 300 ग्राम पाया गया। इसके साथ ही सऊदी अरब की करेंसी भी लॉकर से टीम को मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में प्रेमी ने प्रेमिका की गोली मारकर की हत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेंट्रल फेस-दो थाना क्षेत्र में देर रात एक सिरफिरे आशिक ने अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि नोएडा के याकूबपुर गांव के एक पीजी में किराए पर रह रही एक युवती का आरोपी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युवक शुक्रवार देर रात प्रेमिका के कमरे में पहुंचा और दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के क्रम में उसने युवती को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस घायल युवती को नजदीकी अस्पताल लेकर गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### इंडिगो व एयर इंडिया ग्रुप की 338 फ्लाइट्स प्रभावित

**नई दिल्ली।** दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरबस के ए320 सीरीज के एयरक्राफ्ट्स पर तेज सोलर रेडिएशन का खतरा मंडरा रहा है। यह फ्लाइट कंट्रोल डेटा को खराब कर सकता है, जिससे एयरक्राफ्ट्स की ऊंचाई, डायरेक्शन, कंट्रोल जैसी बेहद अहम जानकारी गलत हो सकती है। इस तकनीकी खराबी से बचने के लिए फ्रांस की विमानन कंपनी एयरबस ने सभी एयरलाइन कंपनियों से उनके बेड़े में शामिल ए320 सीरीज के विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

# बंगाल में आठ महीने बाद वक्फ संशोधन कानून लागू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार 8 महीने के विरोध के बाद नए वक्फ संशोधन कानून को लागू करने पर राजी हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य की 8063 वक्फ संपत्तियों की जानकारी 6 दिसम्बर 2025 तक केंद्र सरकार की यूएमआईडी वेबसाइट पर अपलोड करें।

वक्फ संशोधन कानून इस साल 4 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था। तब पश्चिम बंगाल ने इसे अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया था।



■ ममता बोली थीं- गोली मार दो, लेकिन धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं होगा

सीएम ममता बनर्जी ने 8 अप्रैल को एक रैली में कहा था कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। कानून को अदालत में चुनौती दी गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नए प्रावधानों के लागू होने पर कोई रोक नहीं लगाई। इसलिए कानूनी रूप से राज्य सरकार पर इसे लागू करने की बाध्यता है। केंद्र सरकार का साफ निर्देश है कि सभी अविवादित वक्फ संपत्तियों का रिकॉर्ड डेडलाइन -शेष पृष्ठ दो पर






# शीतकालीन सत्र में भी सुनाई देगी SIR की गूंज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के मौजूदा तेवरों को देखते हुए संसद के शीतकालीन सत्र में भी इसके छाए रहने की संभावना है। इस सत्र में विपक्ष दिल्ली कार विस्फोट, राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा।

विपक्ष और सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संक्षिप्त सत्र के लिए कमर कस ली है और दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। विपक्ष सत्र को संक्षिप्त रखे जाने पर भी सरकार पर हमलावर है। सरकार ने जहां इस सत्र में कॉरपोरेट कानून, परमाणु ऊर्जा और शिक्षा सहित दस विधेयकों को पारित कराने का एजेंडा तैयार किया है, वहीं विपक्ष एसआईआर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिकी



■ दिल्ली कार विस्फोट,
■ दिल्ली में प्रदूषण और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा विपक्ष

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार किए जा रहे दावों, चीन के साथ संबंधों, आतंकवाद, प्रदूषण और अन्य मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने एसआईआर के मुद्दे पर सरकार और चुनाव आयोग के बीच साठगांठ का आरोप लगाते हुए इसे संसद में जोर शोर से उठाने का संकेत दिया है। एसआईआर के मुद्दे पर तृणमूल के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात भी की है।


मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### विवेक चतुर्वेदी सीबीआईसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को वर्तमान में केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य विवेक चतुर्वेदी को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित की गई तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश में इसकी घोषणा की गई। श्री चतुर्वेदी 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी हैं। वह 28 नवम्बर 2025 को सीबीआईसी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए संजय कुमार अग्रवाल की जगह लेंगे। सीबीआईसी में सदस्य बनने से पहले श्री चतुर्वेदी ने सीबीआईसी में सतर्कता के प्रधान महानिदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवार दी। वह कर प्रशासन, सतर्कता एवं अनुपालन के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव के साथ शीर्ष पद पर पहुंचे हैं।

### अग्निवीरों ने गीता पर हाथ रखकर ली राष्ट्र रक्षा की शपथ

**वाराणसी।** छावनी स्थित 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर (जीटीसी) में शनिवार को सैन्य परम्पराओं के अनुरूप अग्निवीरों की भव्य शपथ-परेड सम्पन्न हुई। अग्निपथ योजना के 06/25 बैच के कुल 353 अग्निवीरों ने पवित्र भगवद्गीता पर हाथ रखकर राष्ट्रध्वज की मर्यादा बनाए रखने और देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने का संकल्प लिया। समारोह में सैन्य अनुशासन, उत्साह और गौरव का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जयदीप चंदा, कमांडेंट, 39 जीटीसी ने परेड की सलामी ली

# एसआईआर पर चुनाव आयोग-भाजपा में मिलीभगत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अखिलेश ने कहा: शादियों के इस मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं, ऐसे समय में ईसी एसआईआर करवा रहा है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। अखिलेश ने शनिवार को कहा कि एसआईआर को लेकर इतनी जल्दबाजी में क्यों हैं।


श्री यादव ने पत्रकारों से कहा कि शादियों के मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं। इसी समय आयोग एसआईआर करवा रहा है। आखिर भाजपा और आयोग के बीच क्या शेटिंग है। एसआईआर को लेकर कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। अखिलेश ने कहा है कि प्रदेश में लगातार शादियां हो रही हैं और शादियों के समय पर लोगों का एक दूसरे के यहां आना-जाना, शादी की तैयारी करना सब व्यस्त हैं। इतने कम समय में एसआईआर कराना पूरे प्रदेश का और किस-किस को आपने जिम्मेदारी दी हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी दोनों मिले हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एसआईआर कराने की जल्दी क्यों है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को सहायक बनाया गया है। अखिलेश ने मलिहाबाद के मृतक बीएलओ विजय कुमार वर्मा की पत्नी और बेटे को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा और कहा कि बीएलओ विजय कुमार की मौत ड्यूटी के दौरान ही हुई। अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह ड्यूटी पर ना दिखाएं। बहुत सारे बीएलओ को जानकारी नहीं है। बिना ट्रेनिंग के एसआईआर की का काम कराया जा रहा है।

### आत्महत्या मामले को लोकसभा में उठाएंगे

**फतेहपुर।** अखिलेश यादव ने कहा है कि दलित लेखपाल के आत्महत्या के मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा। श्री यादव शुक्रवार देर शाम मृतक लेखपाल के आवास पहुंचे और उनके परि. जनो का ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने मृतक के परिजनो को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि मृतक दलित बीएलओ का मुद्दा लोकसभा में उठाया जाएगा। दलित लेखपाल की आत्महत्या के लिए जो भी दोषी अधिकारी हैं उन पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसआईआर के लिए बिना प्रशिक्षण के ही बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है, वह दबाव में काम कर रहे हैं।

# युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता: कपिल देव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रयास कर रही है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की वास्तविक समय आधारित निगरानी सुनिश्चित की जाए, प्रशिक्षकों की उपस्थिति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाए, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले संस्थानों से लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों की मांग और युवाओं की रुचि के अनुरूप नए व्यवसाय आरम्भ किए जाएं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार क्षेत्रों का उन्नयन किया जाए, ताकि युवाओं को उनके जनपद में ही बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक में आईटीओटी लखनऊ/ सुल्तानपुर के प्रशिक्षण आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रशिक्षण सत्र 2015-16 से 2024-25 तक कुल 3181 प्रशिक्षार्थियों में से 3064 ने सीआईटीएस (शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा) उत्तीर्ण की है। संस्थान में प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, अनुद. ेशकों, कार्यदेशकों व अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था की गई है। बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की प्रगति भी प्रस्तुत की गई।

# बिना चिंता के नागरिक कराएं इलाज, सरकार मदद देगी: योगी

गोरखपुर, वार्ता



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिता किए उच्चीकृत अस्पतालों में इलाज कराए, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी।

योगी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की और कहा कि उपचार में जो भी धनरा. शि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपना कर उसकी समस्या का समाधान किया जाए।

## देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक

# जिहाद जैसे शब्दों पर मदनी ने जताई आपत्ति

भोपाल, वार्ता



■ कहा: इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है

**भोपाल में** जमीयत उलेमा -ए-हिंद की नेशनल गवर्निंग बाडी मीटिंग में इस्लामी विद्वान मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है।

लव जिहाद, भूमि जिहाद, शिक्षा जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके मुसलमानों को गहरी ठेस पहुंचाई गई है। इससे धर्म का अपमान होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार और मीडिया में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने में कोई शर्म महसूस नहीं करते है। मदनी ने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवे. दनशील और चिंताजनक है। दु:ख की बात है कि एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य समुदायों को कानूनी रूप से शक्तिहीन, सामाजिक रूप से अलग-थलग और आर्थिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। भीड़ द्वारा हत्या, बुलडोजर कार्रवाई, वक्फ संपत्तियों पर कब्जा और धार्मिक मदरसों व सुधारों के विरुद्ध नकारात्मक अभियान जैसे व्यवस्थित और संगठित प्रयास उनके धर्म, पहचान और अस्तित्व को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं। एसआईआर भी किया जा रहा है, और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है, अगर हम इस पर कड़ी नजर रखें, तो हम निराशा से बच सकते हैं, क्योंकि निराशा किसी भी समुदाय के लिए जहर है और अगर कोई समुदाय जीवित है, तो इससे बचने की और भी ज्यादा जरूरत है। मदनी ने कहा कि इस देश में मुसलमानों के अनुकूल लगभग 10 फीसदी लोग हैं, जो अलग-अलग वजहों से हमारे पक्ष में हैं। इसी तरह लगभग 30 फीसदी लोग समुदाय के विरोध में हैं, जबकि एक अनुमान के अनुसार 60 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो न हमारे अनुकूल हैं और न ही विरा. ेध में। यह जो खामोश बहुमत है, उसे फिरका-परस्त लोग अपनी ओर झुकाने की कोशिश कर रहे हैं, यदि यह वर्ग उनके प्रभाव में आ गया, तो ये देश व मुसलमानों दोनों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी होगी। मदनी ने कहा कि बहुत अफसोस के साथ ये कहना पड़ रहा है कि बीते कुछ अरसे से बाबरी मस्जिद, तीन तलाक और कई अन्य मामलों में फैसलों के बाद ऐसा लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से अदालतें सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। यदि हम चाहते हैं कि फिरकापरस्त कामयाब न हों, तो समुदाय को मानवता की चिंता करने वाला रवैया अपनाना होगा।

### महमूद मदनी पर भाजपा का पलटवार

**भुवनेश्वर।** जमीयत उलेमा -ए-हिंद प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के बयान पर भाजपा की तरफ से पलटवार किया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि उनकी तरफ से भोपाल में दिया गया बयान भड़काऊ और देश को बांटने वाला है। जिहाद के नाम पर जिस प्रकार से लोगों ने भारत में ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी आतंक फैलाया है, वह हमने देखा है। उन्होंने आगे कहा कि मौलाना मदनी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। मौलाना मदनी के इस बयान को सुप्रीम कोर्ट को स्वत: संज्ञान में लेकर इसकी सुनवाई करनी चाहिए। संबित पात्रा ने कहा कि मौलाना मदनी ने अपने भाषण में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जहां भी अत्याचार हो, वहां जिहाद होना चाहिए। उन्होंने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ऐसे शब्द देश को बांटने का काम करते हैं। जिहाद के नाम पर दुनिया के कई हिस्सों में आतंकवाद फैला है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# अक्टूबर में हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर अक्टूबर में हवाई यात्रा की मांग में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मांग 8.5 प्रतिशत और घरेलू यात्रा की मांग 3.4 प्रतिशत बढ़ी है। हवाई यात्रा की मांग को राजस्व यात्री किलोमीटर के रूप में मापा जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में 2024 के मुकाबले अक्टूबर 2025 में कुल मांग 6.6 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, कुल क्षमता (उपलब्ध सीट किलोमीटर) 5. 8 प्रतिशत और लोड फैक्टर (भरी सीटों का अनुपात) 84.6 प्रतिशत पर पहुंच गया जो एक साल पहले के मुक. ाबले 0.7 प्रतिशत अधिक है। विमान सेवा कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए क्षमता में 7.1 प्रतिशत की और घरेलू यात्रा के लिए 3.6 प्रतिशत की वृद्धि की। आयटा के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि अक्टूबर के महीने में अच्छा प्रदर्शन रहा। कई महीने के सपाट प्रदर्शन के बाद उत्तरी अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय यातायात में 4. 5 प्रतिशत की वृद्धि उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि साल के अंतिम दो महीने के लिए ट्रेंड उत्साहजनक है। शिड्यूल के अनुसार नवम्बर में सीट क्षमता 3.6 प्रतिशत और दिसम्बर में 4. 7 प्रतिशत बढ़ेगी। जारी आंकड़ों के अनुसार तीसरी तिमाही में पश्चिम एशिया में हवाई यात्रा की मांग सबसे अधिक 10.5 प्रतिशत बढ़ी। अफ्रीका में इसमें 8.8 फीसदी, एशिया प्रशांत क्षेत्र में 8.1 फीसदी, यूरोप में 6.7 फीसदी, लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों में 6.1 प्रतिशत और उत्तरी अमेरिका में 2.5 प्रतिशत बढ़ी है। आयटा ने अक्टूबर के हवाई माल परिवहन के भी आंकड़े जारी किए हैं। माल परिवहन की मांग, जिसे कार्गो टन.किलोमीटर के रूप में मापा जाता है, अक्टूबर में 4.1 प्रतिशत बढ़ी। यह लगातार आठवां महीना है जब इसमें वृद्धि दर्ज की गई है।

### अनंत गोयंका बने फिक्की के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयंका ने 2025-26 के लिए उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष का पद भार संभाल लिया है , सनमार समूह के अध्यक्ष विजय शंकर नए वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने हैं। फिक्की की 98वीं आम सभा के दौरान दोनों ने पदभार ग्रहण किए। डालमिया भारत लिमिटेड के प्रबंध निद. ेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत डालमिया ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है। श्री गोयंका टायर, बुनियादी ढांचा, फार्मा और आईटी तथा अन्य क्षेत्रों में कारोबार करने वाली 4.8 अरब डॉलर के आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष हैं। वह सिएट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रहे थे। उनके कार्यकाल में कंपनी का बाजार पूंजीकरण 25 गुना बढ़ा था। रसायन, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी और शिपिंग क्षेत्रों के लिए विनिर्माण करने वाली सनमार समूह के अध्यक्ष शंकर टीवीएस मोटर, भारतीय परिवहन निगम, ऑरिएंटल होटल्स और कावेरी रिट्रीट्स एंड रिजॉर्ट्स के निदेशकमंडलों में स्वतंत्र निदेशक हैं।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में नरमी रही। गेहूं के दाम भी घट गए। चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये टूटकर 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। गेहूं भी 14 रुपये की गिरावट के साथ 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल.दलहनों में उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई।

तुअर दाल 60 रुपये और मसूर दाल 53 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चना दाल 32 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 159 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल की कीमत 39 रुपये और पाम ऑयल की 21 प्रति क्विंटल टूट गई। वनस्पति 20 रुपये और सोया तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि सूरजमुखी तेल चार रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ 21 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बोली गई। चीनी भी दो रुपये महंगा हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल.दलहन : दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4325.87 रुपये और गुड़ 4996.60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17661.95 रुपये, मूंगफली तेल 17571.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15686.46 रुपये, सोया तेल 13772. 87 रुपये, पाम ऑयल 12443.01 रुपये और वनस्पति 14465.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एनआईए ने...**पुलिस से संपर्क साधा। शनिवार दोपहर इसी मामले को लेकर पुलिस बहुउद्देशीय पहुंचे लोगों का कहना है कि एनआईए ने एसटीएफ और हल्द्वानी पुलिस के साथ मिलकर बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के लाइन नंबर आठ और खिचड़ी मोहल्ला में दबिश दी। लाइन नंबर आठ में बिलाली मस्जिद के इमाम मोहम्मद आसिम कासमी को उस वक्त हिरासत में लिया, जब वह बिलाली मस्जिद के पास किराए के घर में सो रहा था। इसी समय पर खिचड़ी मोहल्ले से एक इलेक्ट्रीशियन नजर कमाल को उसके घर से हिरासत में लिया गया। सूत्र बताते हैं कि हजारों की संख्या में कॉल डिटेल खंगाल रही एजेंसियों को कुछ संदिग्ध मोबा. इल नंबर मिले थे, जो उत्तराखंड में संचालित थे। हिरासत में लिए गए इमाम मौलाना मोहम्मद आसिम कासमी रामपुर जिले के टांडा दड़ियाल का रहने वाला है और विगत चार साल से यहां इमामत कर रहा है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। सुरक्षा एंजेसियों के साथ रात एसटीएफ और लोकल पुलिस ने कार्रवाई की।

**बंगाल में...**(6 दिसम्बर) तक यूएमआईडी पोर्टल पर अपलोड होना चाहिए। ममता सरकार इस निर्देश का पालन न करके कानूनी विवाद में नहीं फंसना चाहती। केंद्र ने नए नियमों में वक्फ बोर्डों और मुतवल्लियों की जवाबदेही बढ़ाई है। राज्यों के लिए डेटा अपलोड करना अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बन गया है। वक्फ संशोधन कानून 8 अप्रैल से देशभर में लागू कर दिया गया था। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से और 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। हालांकि नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ 12 याचिकाएं दाखिल की गई थीं। 15 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधन कानून पर रोक से इन्कार कर दिया था।

### वायु प्रदूषण से बचाव के गंभीर प्रयास करे सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण अत्यंत चिंता. जनक स्थिति में पहुंच गया है और धीमा जहर बनकर जीवन के लिए खतरा बन गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समस्या के निदान के लिए सरकार इस पर संसद में चर्चा कराए और राष्ट्रीय स्तर पर संकट के समाधान के लिए सख्त कदम उठाए। श्री दीक्षित ने इस मुद्दे पर सरकार तीखा हमला किया और कहा कि सरकार प्रदूषण को कंट्रोल करे और अगर वे यह काम नहीं कर पा रहे हैं, तो उन्हें सरकार कहलाने का हक नहीं है। मेरा यही कहना है -जनता को गुमराह करना बंद करिए, क्योंकि एयर पॉल्यूशन के चलते यह शहर अब रहने लायक नहीं बचा है।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जल्द बढ़ेंगी जमीन अधिग्रहण की दरें, निर्देश जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ज़मीन अधिग्रहण की दरों में वृद्धि के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

यह फैसला किसानों की लगातार उठ रही उस मांग के बाद आया है, जिसमें उन्होंने वर्तमान दरों को बाज़ार मूल्य से काफी कम बताते हुए संशोधन की बात कही थी। फिलहाल गौतमबुद्ध नगर में सरकार द्वारा तय दरें नोएडा में 5,100 रुपये प्रति वर्गमीटर, ग्रेटर नोएडा में 4,100 रुपये प्रति वर्गमीटर और यमुना सिटी में 4,300 रुपये प्रति वर्गमीटर हैं। लंबे समय से इन दरों में बदलाव न होने के कारण किसानों में असंतोष बढ़ रहा था। सरकार से जुड़े सूत्रों के मुता. बिक, सरकार नोएडा में दरों को बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रति वर्गमीटर और ग्रेटर नोएडा में 7,000 रुपये प्रति वर्गमीटर करने पर विचार कर रही है। वहीं यमुना सिटी की दरें वर्ष 2024 में ही संशोधित की गई थीं, इसलिए यहां तत्काल बढ़ोतरी की संभावना कम है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के निरीक्षण के दौरान दिए थे। इस मौके पर उन्होंने ज़मीन अधिग्रहण से जुड़ी लंबित समस्याओं और किसानों के विरोध से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की।

जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सामने सीधे यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग को लेकर पहले भी राज्य सरकार और औद्योगिक विकास विभाग से वार्ता की गई थी। उन्होंने कहा कि, गुरुवार को हवाईअड्डे के निरीक्षण के दौरान हमने पुन: इसे उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सड़क की नई परत पहले दिन ही उखड़ी

## पीडब्ल्यू डी द्वारा कराई जा रही मरम्मत में भ्रष्टाचार, ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर दिखाया सच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ब्लाक गंगेश्वरी के गांव खैलिया की मढ़ैया से ईटा मार्ग पर चल रहे सड़क मरम्मत कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोपों ने पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के चलते सरकार के लाखों रुपये के बजट का दुरुपयोग हो रहा है। पिछले तीन दिनों से चल रहे मरम्मत कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने सड़क पर डाली जा रही नई परत को हाथों से उखाड़कर उसकी वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि मरम्मत में इस्तेमाल की जा रही सामग्री इतनी कमजोर है कि साधारण हाथ लगाने पर ही उखड़ रही है। ग्रामीणों का



आरोप है कि बिना सड़क की पुरानी रेत-मिट्टी हटाये ही मरम्मत कार्य कर दिया गया। जिससे नई परत टिक नहीं पा रही। साथ ही मिश्रण भी बेहद घटिया गुणवत्ता का उपयोग किया गया है। जिससे सड़क दोबारा जल्दी खराब होने की आशंका है। ग्रामीण राजकुमार, समरपाल, सुबोध, खुबी,धर्मपाल, देवराज, कुमरपाल, नन्हुआ, महेश, चरण सिंह, राजपाल और विजेंद्र सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत की मांग कर रहे थे। जिसकी कुल लंबाई एक किलोमीटर से अधिक है। लेकिन अब जब मरम्मत शुरू हुई है तो गुणवत्ता इतनी खराब है कि सड़क की ऊपरी परत पहले ही दिन हाथ से उखड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे मामले में विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत भी हो सकती है। इस मामले में अमरोहा अधिशासी अभियंता निर्माण खंड गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान ही ट्रैक्टर गन्ना लेकर सड़क पर आ गया था। जिससे 7 मीटर के करीब सड़क उखड़ गई थी। जिसे ठीक करा दिया गया है।

## एसपी के आदेश पर हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 03 नवम्बर को हुई सड़क दुर्घटना के मामले में स्थानीय कोतवाली में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के गांव खानपुर नवादा निवासी विनोद कुमार का पुत्र शिवम 03 नवम्बर को अपनी बाइक से मोहरकापटटी गांव से मेहनत मजदूरी करके आ रहा था। शाहपुर गांव के सामने बुलेट बाइक ने टक्कर मारकर विनोद कुमार को घायल कर दिया। घायल का उपचार इस समय अमरोहा स्थित एक हडडी रोग विशेषज्ञ के यहां पर चल रहा है। विनोद का आरोप है कि गजरौला पुलिस ने उसकी सुनवाई नहीं की, जिसके बाद उसने एसपी के यहां पर प्रार्थना पत्र दिया था। एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# पकौड़ी खाते-खाते उड़ गई अधिवक्ता की फॉर्चयूनर

## ठेले पर खा रहे थे पकौड़ी, चोरों ने किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नेशनल हाईवे स्थित गांव अतरासी में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। पकौड़ी खाने के लिए दुकान पर रुके अधिवक्ता की सड़क किनारे खड़ी फॉर्च्यूनर उनकी आंखों के सामने ही चोरी कर ली गई। काफी तलाश किया लेकिन गाड़ी का कहीं कुछ पता नहीं चला। गाड़ी में 20 हजार की नकदी, कोट और दस्तावेज भी रखे थे। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

संभल जिले के एचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव भावलपुर बांसली निवासी आरिफ अली पेशे से अधिवक्ता हैं तथा अमरोहा जनपद न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। शुक्रवार शाम वह किसी निजी काम से गांव अतरासी आए थे। उन्होंने अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी को अतरासी में पुल के नीचे खड़ा किया था। शाम करीब सात बजे काम निपटाने के बाद वह कुछ ही दूरी पर स्थित एक दुकान पर पकौड़ी खाने चले गए। गाड़ी उनकी नजरों के सामने ही खड़ी थी। थोड़ी देर बाद जब आरिफ अली मौके पर पहुंचे तो गाड़ी गायब देख उनके होश उड़ गए। इधर-उधर काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। अधिवक्ता की गाड़ी चोरी होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल की। अधिवक्ता आरिफ अली के मुताबिक गाड़ी में 20 हजार रुपये की नकदी के अलावा कोट व अन्य अदालती दस्तावेज व फाइलें रखी हुई थीं। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए गाड़ी को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# दिल्ली से लापता दो किशोरियां अमरोहा पहुंची

## युवक दोनों को बेहोश कर यहां लाया था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिल्ली से लापता कारोबारी की दो नाबालिग बेटियां अतरासी तिराहे पर मिलीं। उन्होंने बताया कि एक युवक द्वारा उन्हें बेहोश कर यहां लाया था। पुलिस ने किशोरियों को परिजनों के हवाले कर दिया।

दिल्ली निवासी एक कारोबारी की दो नाबालिग बेटियां शुक्रवार सुबह में अचानक लापता हो गईं थीं। काफी तलाश करने के बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं मिला था। शुक्रवार शाम में शहर कोतवाली पुलिस अतरासी तिराहे पर दो किशोरियां मिलीं, जो दिल्ली से गायब हुई थीं। लिहाजा, पुलिस ने पता पूछ तुरंत दिल्ली पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद कारोबारी से बात की। बेटियों के मिलने की जानकारी मिलते ही दिल्ली से कारोबारी परिजनों के साथ देर रात अमरोहा आ गए। पूछताछ के दौरान किशोरियों ने बताया कि वह सुबह में करीब 11 बजे सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान एक व्यक्ति उन्हें मिला, जिसने चेहरे के आगे रुमाल लगा दिया। इसके बाद दोनों बहनें बेहोश हो गईं और आंख खुली तो उन्होंने खुद को अमरोहा शहर में अतरासी तिराहे पर खड़ा हुआ पाया। नशा सूंघा कर किशोरियों को अमरोहा तक लाने वाला व्यक्ति कौन है, किस उद्देश्य से वह उन्हें अमरोहा लेकर आया था, फिलहाल इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि दो नाबालिग बहनें अतरासी तिराहे पर खड़ी हुई मिली थीं, जिन्हें परिजनों को बुलाकर उनकी सुपुर्दगी में दे दिया है। मामले में परिजनों ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया था।

# भविष्य के वैज्ञानिकों ने नवाचार से जीता मन

## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 53वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक मैं छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार कर सभी का दिल जीत लिया।

आई.एम. इंटर कॉलेज के सभागार में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के अंतर्गत विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के स्टीम पर मॉडल तैयार किए गए, इस दौरान चिरस्थाई कृषि, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकी, मनोरंजन गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, जल संरक्षण एवं प्रबंधन पर मॉडल बनाए गए। जबकि जनपद स्तर पर जूनियर, सीनियर एवं अध्यापक संवर्ग में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. जमशेद कमाल, प्रधानाचार्य, आई.एम. इंटर कॉलेज अमरोहा ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उत्साह और प्रयास की सराहना



की। उन्होंने कहा कि ऐसी वैज्ञानिक प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच तथा नवाचार को बढ़ावा देना है, ताकि वे मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और क्षेत्र का नाम रोशन करें। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों और विद्यालय दोनों के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय रहा।

# दो छात्राओं के बीच मारपीट का वीडियो वायरल

## पुलिस ने थाने बुलाकर की पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रहरा में दो छात्राओं की सरेआम मारपीट की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने थाने में बिठाकर पूछताछ की है। शनिवार को रहरा कस्बे में सड़क पर दो छात्राओं के बीच हुई जोरदार मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि बबराला की रहने वाली दोनों छात्राओं में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी।जो देखते ही देखते लात-घूंसे चलने तक पहुंच गई। घटना के समय सड़क पर भारी भीड़ मौजूद थी। जिसने बीच-बचाव की कोशिश भी की। लेकिन छात्राएं एक-दूसरे पर टूट पड़ीं। मामला बढ़ता देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। रहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अलग कर थाने ले गई। जहां पूछताछ जारी है। इस दौरान दोनों छात्राओं के बीच हो रही मारपीट को देखने के लिए काफी भीड़ जमा हो गई।

### कैम्प लगाकर लोगों से किया आह्वान, नए मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए किया प्रेरित

# जल्द जमा करें एसआईआर फार्म: महबूब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान-2025 के तहत शहर में समाजवादी पार्टी द्वारा एसआईआर प्रहरी कैंप लगाकर एसआइआर फॉर्म भरवाए जा रहे है। शनिवार को मुहल्ला कुरैशी (चौपाल) पर आयोजित कैंप का निरीक्षण अमरोहा सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश लोक- लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने किया। उन्होंने कैंप में पहुंचे लोगों को मतदाता सूची में नाम जुडवाने के प्रति जागरूक





किया। कहा कि मतदाता सूची सही बनना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है और सपा कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में लोगों की मदद कर रहे हैं। अपनी विस में मतदाता फॉर्म भरने की जिम्मेदारी लगातार निभा रहे है। उन्होंने कहा कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है, इसलिए अंतिम क्षण का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द फॉर्म जमा किए जाएं। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि किसी को फॉर्म भरने, जमा करने या बीएलओ से सहयोग न मिलने में कोई समस्या आती है, तो वे उनके कैंप कार्यालय 550 बी, दानिशमंदान, अमरोहा में संपर्क कर सकता है। इस दौरान पूर्व एमएलसी परवेज अली, सलीम अहदम अंसारी, इकरार मेम्बर, शाहनवाज पहलवान, मोबिन, ताहिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से तीन लोग घायल

**हसनपुर।** कार की टक्कर से दो बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। कार को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। शुक्रवार की देर शाम को नगर के मोहल्ला झकड़ी अड्डा चौराहा निवासी अमित शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा बाइक पर सवार होकर गजरौला से अपने घर को वापस लौटे रहे थे। और उनकी बाइक के आगे नगर के मौहल्ला कनेटा रोड निवासी मोहम्मद नफीस एवं अब्दुल करीम पुत्रगण अब्दुल लतीफ को रास्ते में राजेंद्रा अकैडमी इंटर कॉलेज के नजदीक सामने से अनियंत्रित तेजगति कार ने जोरदार टक्कर मार दी।







# प्रेमिका के भाई को गोली मारने का आरोपी पकड़ा

## एसपी ने किया था 25 हजार का ईनाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शादी की बात पर प्रेमिका के भाई को गोली मारने के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रेमी ताबिश रजा को डिडौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बीते दिनों उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद पुलिस पूरी शिद्दत से उसकी तलाश में जुटी थी।

शनिवार को नारंगपुर से गिरफ्तार आरोपी ताबिश के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध पिस्टल, एक कारतूस और खोखा बरामद किया है। अदालत में पेशी के बाद रिमांड मंजूर होने पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। कस्बा जोया के मोहल्ला टंकी वाला में यह घटना बीती 8 नवंबर की दोपहर में हुई थी। दरअसल, डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सैंतली निवासी एक युवक अपनी बहन को लेकर मोहल्ले में रहने वाले ताबिश रजा के घर पर आया था। युवक की बहन की ताबिश से करीब डेढ़-दो साल पहले जयपुर में नीट की कोचिंग के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद मोबाइल पर शुरू हुई बातचीत के दौरान जान-पहचान बढ़ने पर दोनों में प्रेम-प्रसंग हो गया था। युवती हर वक्त ताबिश से बात करती रहती थी लिहाजा भाई खुद उसे लेकर ताबिश के घर पहुंचा था। रिश्ता कर शादी करने की बात पर ताबिश की प्रेमिका के भाई से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद गुस्से में घर के भीतर गया ताबिश पिस्टल निकाल लाया था। अंजाम की परवाह किए बगैर उसने प्रेमिका के भाई पर एक के बाद एक दो फायर झोंक दिए थे। एक गोली बाजू पर लगी थी जबकि दूसरी गोली गर्दन को रगड़ते हुए दीवार में जाकर लगी थी। मामले में घायल युवक की मां ने आरोपी ताबिश रजा के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। गिरफ्तारी को लेकर दबिशें शुरू होते ही आरोपी ताबिश रजा फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार आनंद ने आरोपी ताबिश रजा की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इमाम घोषित किया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर शनिवार को आरोपी ताबिश रजा को नारंगपुर गांव के पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, एक कारतूस व खोखा बरामद किया गया है। चालान के बाद आरोपी ताबिश रजा को अदालत में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर वहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# अपहरण व दुष्कर्म में सात साल की कैद

## कोर्ट ने तीन आरोपियों को किया बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने सात साल की सजा व दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया।

20 अप्रैल 2018 की घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ी थी। यहां पर एक कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी नाबालिग बेटी को मोहल्ले का ही रहने वाला शिवम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में कारोबारी ने शिवम के अलावा उसके पिता मनोज, दोस्त सलीम और विपिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मुख्य आरोपी शिवम समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया था। वहीं, कोर्ट में दिए गए पीड़िता के बयानों के आधार पर शिवम के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ाई थी। पुलिस ने मामले में चारों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। फिलहाल सभी जमानत पर थे।मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की कोर्ट में विचाराधीन थी। ट्रायल के दौरान दुष्कर्म पीड़िता पूर्व में दिए गए अपने बयानों से पलट गई थी। शनिवार को कोर्ट में मुकदमे में अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने शिवम को अपहरण व दुष्कर्म में दोषी करार दिया। उसे सात साल जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं साक्ष्यों के अभाव में शिवम के पिता मनोज और दोनों दोस्तों को बरी कर दिया। जुर्माना राशि से 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया।

# फार्म भरने को लेकर विवाद

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कस्वा जोया के मुहल्ला मोहल्ला इकबालनगर में फॉर्म भरने को लेकर हुए विवाद में एक युवक और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित शुऐब की तहरीर पर चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई हैद्य मंगलवार की सुबह पीड़ित शुऐब का आरोप है कि वहॅ प्‍ फॉर्म भर रहा थाद्य तभी मोहल्ले के ही हसीन, मोहसिन उर्फ तननू, तौहीद और मकबूल ने यह कहते हुए विवाद शुरू कर दिया कि तुम मोहल्ले वालों के लिए फॉर्म फ्री में भरते हो जबकि मैं 50 रुपये लेता हूँ। इसी बात पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके बाद मारपीट पर उतर आए।

# चिमनियों से निकल रही राख बनी मुसीबत

## एमआईएम ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दि किसान सहकारी चीनी मिल द्वारा किये जा रहे प्रदूषण से निजात दिलवाये जाने की मांग की है।

शनिवार को इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं जिलाधिकारी से कहा कि चीनी मिल हसनपुर की चिमनियों के धुएं से राख छाई उड़ती है। जो गांव कालाखेड़ा के लिए मुसीबत का सबब बनी है। राख छाई के कारण घरों के बाहर कपड़े सुखाना बाहर बैठना मुश्किल हो जाता है। आंखों में अक्सर राख गिरने से कई लोगों की आंखें भी जख्मी हो जाती है। चीनी मिल की सीमा से लगी कृषि भूमि पर रख छाई का दुष्प्रभाव पड़ता है। मिट्टी काली हो चुकी है। इसके अतिरिक्त ध्वनि प्रदर्शन और जल प्रदूषण की समस्या भी ग्राम वासियों के लिए मुसीबत बनी है। राख का अनवरत गिरते रहना रास्तों छतों और खुले में रखी हर वस्तु को काला कर रहा है। चिमनियों से उठता दुआ प्रदूषण समस्या खड़ी कर रहा है। उन्होंने इस समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलवाये जाने की मांग की है। यदि ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो चीनी मिल परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में मजलिस से इत्तेहादुल मुस्लिमीन एससी एसटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर टीपी सिंह, मोहम्मद शोएब, अकरम अली, इरशाद, गुफरान, शाहनवाज, रईस अहमद, आदिल मलिक, अकरम अहमद, साजिद अली, नबी हसन, फरजान, इरफान आदि मौजूद थे



हसनपुर। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते एमआईएम के कार्यकर्ता।

# साइबर फ्रॉड से निकाली धनराशि वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महिला से साइबर अपराधियों द्वारा बैंक खाते से निकाली गई धनराशि को पुलिस ने उसे वापस करा दिया है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी सरिता सिंह पत्नी रणविजय सिंह को साइबर फ्रॉड के जरिए खोई अपनी राशि वापस मिल गई है। 4 अक्टूबर की रात, उनके एचडीएफसी बैंक खाते से एक ओटीपी जनरेट होने के बाद 3,45,000 कट गए थे।

पैसे कटने का संदेश मिलते ही, उनके बेटे अभिनव कुमार ने तुरंत बैंक को सूचित किया और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस और साइबर क्राइम टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते यह पूरी राशि 29 नवंबर को सरिता सिंह के खाते में वापस आ गई। पीड़ित परिवार ने इस सफलता पर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है। जिसकी सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के मामलों में तुरंत शिकायत दर्ज कराना कितना महत्वपूर्ण है। इस पूरे मामले में कोतवाल प्रेमपाल सिंह, अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार, और साइबर टीम के सदस्य अनिल कुमार और अंकुर कुमार की भूमिका सराहनीय रही। उनकी तत्परता से ही सरिता सिंह को उनकी गाढ़ी कमाई वापस मिल सकी।

# पालिका ने बंदर पकड़वाने का अभियान किया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर पालिका परिषद द्वारा बंदर पकड़वाकर जंगल में छुड़वाने का सिलसिला

**दो दिन में पकड़ कर जंगल में छोड़े गए छह सौ बंदर**

शुरू कर दिया है। दो दिन में छह सौ बंदरो को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया है। बंदरो के उत्पात के चलते लोग अपनी छतों तक पर भी नहीं जा पा रहे थे। महिलाओं को कपड़े भी घरों के अंदर ही सुखाने की मजबूरी थी क्योंकि छत पर कपड़े सुखाने में बंदर



कपड़े फाड़ देते थे। बता दें कि नगर के रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे मंडी समिति, अतरपुरा, अवंतिकानगर, चौपला, लक्ष्मीनगर, बस्ती, रेलवे स्टेशन की तरफ बंदरों का बड़ा आंतक है। बंदर लोगों के हाथों में से खाने पीने का सामान लेकर भाग जाते हैं तो वहीं वे लोगों को काटने को भी दौड़ते हैं। लोगों को अपने घरों में बंदरो का प्रवेश रोकने के लिए लोहे की जाली, गेट आदि लगाने पड़ रहे हैं। इस बारे में नगर पालिका परिषद के ईओ ललित कुमार आर्य ने बताया कि बंदरो के बढ़ते आतंक को समाप्त कराने के लिए पालिका ने अभियान छेड़ दिया है। दो दिनों में 600 बंदरों को पकड़ा जा चुका है। बंदरों को जंगल में छुड़वाया जा रहा है। लगातार यह अभियान नगर के सभी मुहल्लों में चलाया जायेगा। बता दें कि बंदरो के कारण शहर के लोग लंबे समय से परेशान हैं।

# एसडीएम ने 21 बीएलओ को किया सम्मानित

## एसआईआर कार्य में किया श्रेष्ठ कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। एसडीएम श्रीमती सुनीता सिंह ने मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत श्रेष्ठ कार्य करने वाले 21 बीएलओ को सम्मानित किया।

एसडीएम ने उन बीएलओ को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण, संकलन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ का कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी अन्य बीएलओ समय से अपना डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करेंगे, उन्हें भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन कार्यों की प्रगति एवं आगामी तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

### ठोस कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर पालिका सभागार में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान को नई दिशा देने के उद्देश्य से ठोस कचरा प्रबंधन एवं ई-वेस्ट रीसाइकल विषय पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने किया। पालिकाअध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल तथा अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपने घरों में सब्जियों और फलों के छिलके हरे डस्टबिन में डालें। कार्यशाला में कु. आरती शर्मा, सोनिया अग्रवाल, सरस्वती गोयल, सोनल गर्ग, तनु गर्ग, सारिका, मानवी, सीमा, मनीषा, वैशाली, कंचन, अनिता भटनागर, नीतू जैन, रेनू अग्रवाल, नीलू अग्रवाल सहित अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं।

### साइबर अपराधों से बचने को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। झम्मन लाल पीजी कॉलेज में शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत साइबर क्राइम कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ शमा परवीन के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ गीतांजलि शर्मा ने कहा कि बच्चे ऑनलाइन नकली वेबसाइट पर खरीदारी के लिए उनके अकाउंट में पैसे डाल देते है। और न तो सामान आता है और न ही पैसे वापस आते है। ऐसे नकली सॉफ्टवेयर और वेबसाइटों से बचना चाहिये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीति शर्मा ने कहा कि साइबर अपराध कंप्यूटर, इंटरनेट द्वारा किए जाते है। यदि आपके साथ कोई साइबर अपराध हुआ है। तो इसकी शिकायत 1930 नंबर पर कर सकते हैं। इस अवसर पर भूगोल विभाग की प्रवक्ता कुमारी अंशु चौहान व समस्त महिला स्टाफ एनएसएस के स्वयंसेवक व अन्य छात्र-छात्राये मौजूद रहे।

# आठवें वेतन आयोग का लाभ दिलाने को धरना

## कलेक्ट्रेट में गरजे पेंशनर्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। प्रांतीय आह्वान पर पेंशनर्स एसोसिएश के तत्वाधान में शहीद पार्क कलेक्टर पर धरना सभा का आयोजन किया गया।

शनिवार को शहीद पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक कैंडल मार्च निकाला गया।उसके बाद प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में उनके ओएसडी शैलेंद्र शर्मा व उपेंद्र त्रिवेदी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि आठवी वेतन आयोग के लिए सरकार द्वारा जो टर्म का रिफरेंस दिये गये हैं उनमें पेंशनर्स के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं दिये गये हैं। उन्हें छोड़ दिया गया है जिससे पेंशनर्स में संदेह पैदा हो रहा है कि उन्हें आठवी वेतन आयोग का लाभ नहीं दिया जायेगा। सूबे के सभी जनपदों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च आयोजन का कार्यक्रम है। इसके बाद भी यदि सरकार नहीं मानती है तो देशव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सभी जिला मुख्यालय पर 15 दिसंबर को आयोजित कर प्रधानमंत्री को पुन: ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। धरना सभा में अध्यक्ष श्री अनूप सिंह फैसल द्वारा ज्ञापन पढ़कर सुनाया गया। धरना सभा को शिवेंद्र सिंह चिकारा, राजेंद्र सिंह राणा, गुरनाम सिंह,गजेंद्र पाल सिंह, शिशुपाल सिंह, शिशुपाल सिंह उपाध्यक्ष, अमीपाल सिंह आदि मौजूद थे।

### छात्रों को दिया सड़क सुरक्षा का ज्ञान



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। यातायात माहख्र2025 के तहत शुक्रवार को थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा लिटिल ऐंजल्स स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा के मूल नियम, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, ओवरस्पीडिंग के दुष्परिणाम तथा सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने की जानकारी विस्तार से दी गई। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को उदाहरणों के माध्यम से बताया कि छोटे-छोटे एहतियाती कदम दुर्घटनाओं को रोकने में कितने उपयोगी साबित होते हैं।

### कांग्रेसियों ने श्रीप्रकाश को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री प्रकाश जायसवाल के निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रंजो गम का इजहार किया। शनिवार को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान के मोहल्ला नवाबान में शोक सभा का आयोजन किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन होने पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तारिक मोहम्मद खान ने बताया श्री प्रकाश जायसवाल ने उन्हें 2002 में जिला अध्यक्ष नियुक्त किया था। बाद में उन्होंने मुझे हसनपुर विधानसभा का टिकट भी प्रदान किया। जब वे केंद्रीय मंत्री थे। तब वे स्वयं मेरे हसनपुर स्थित निवास पर भी पधारे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन की खबर बेहद अफसोस नाक है। इस मुश्किल वक्त में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और शुभचिंतकों के साथ हैं।

### पुलिस ने तीन परिवारों को बिखरने से बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन किरण के तहत शनिवार को महिला थाना पुलिस ने तीन पारिवारिक विवादों में दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग कराकर सुलह-समझौता करा दिया। अमरोहा पुलिस के इस प्रयास से तीन परिवार बिखरने से बच गए। एसपी अमित कुमार के निर्देशन में थानाध्यक्ष मिनाक्षी ने शनिवार को तीन पारिवारिक विवादों से जुड़े प्रार्थना काउंसलिंग की। छोटी-छोटी बातों से बढ़ी गलतफहमियों ने रिश्ते में आई दरार को उन्होंने बातचीत कराकर भर दिया। सुलह-समझौता होने पर दोनों पक्ष कुशल, राजी खुशी, प्रेमपूर्वक नवजीवन गुजारने का वादा कर थाने से घर के लिए रवाना किया गया।

# छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

## संत पीयूष स्कूल में पुलिस ने चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। शनिवार को थाना बछरायूं पुलिस द्वारा संत पीयूष स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

पुलिस टीम ने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस कर्मियों ने संवाद के माध्यम से छात्राओं को सड़क सुरक्षा की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तोमर ने कहा यातायात जागरूकता बच्चों से शुरू होना सबसे प्रभावी तरीका है। यदि छात्राएं आज से ही सड़क सुरक्षा नियमों को जीवन में अपनाएंगी, तो वे स्वयं सुरक्षित रहेंगी और समाज को भी सुरक्षित बनाने में अपना योगदान देंगी। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चे में यातायात अनुशासन की मजबूत समझ विकसित हो। यातायात माह 2025 के तहत अमरोहा पुलिस द्वारा ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चेतना पैदा हो सके।

# पुलिसकर्मियों को दिया तनाव प्रबंधन का मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। आरटीसी कैंपस में शनिवार को 'कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें सभी रिक्रूट आरक्षियों एवं थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियों ने सहभागिता की। एसपी अमित कुमार आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा लगातार दबाव और चुनौतियों से भरी होती है, ऐसे में तनाव प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानसिक संतुलन, भावनात्मक नियंत्रण और सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल व्यक्तिगत जीवन में उपयोगी है बल्कि पुलिसिंग के दौरान निर्णय क्षमता एवं कार्यकुशलता भी बढ़ाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग तथा मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों की टीम मौजूद रही, जिनमें सुर्जीत सिंह, रीजनल को ऑर्डिनेटर, मो. निका रस्तोगी, एफएलसी सीएमओ ऑफिस अमरोहा, डॉ. जावेद, सीएमओ ऑफिस अमरोहा, डॉ. सुखदेव सिंह, डॉ. लक्ष्मी, मनोवैज्ञानिक, डॉ. राहुल बंसल, मनोचिकित्सक ने पुलिसिंग के दौरान उत्पन्न मानसिक दबाव और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहकर प्रभावी ढंग से कार्य करने के तरीके विस्तारपूर्वक बताए।

# आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग

## ब्राह्मण विरोधी बयान से समाज में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ब्राह्मण सभा ने मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिए गए ब्राह्मण विरोधी और कुंठित मानसिकता वाले वक्तव्य के विरुद्ध उन्हें निलंबित करते हुए तत्काल बर्खास्त करने की मांग उठाई।

शुक्रवार देर शाम नगर के मोहल्ला कोट स्थित ब्राह्मण सभा के महामंत्री पंडित मनु शर्मा एडवोकेट के आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष पंडित पवन कौशिक ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार में कार्यरत आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने जो ब्राह्मण बेटियों के बारे में कुंठित मानसिकता का परिचय देकर अपशब्द बोले गए हैं। जिन्हें ब्राह्मण समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। महामंत्री मनु शर्मा एडवोकेट ने कहा कि संतोष वर्मा जो कि एक लोक सेवक है, उन्हें मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से इस आचरण हीनता और आपसी वैयमन्सय पैदा करने वाले ब्राह्मण समाज को अपमानित करने वाले वक्तव्य के आधार पर निलंबित करते हुए तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर देना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष पवन कौशिक, महामंत्री मनु शर्मा, पंडित कपिल शर्मा, अतुल पंडित, योगेंद्र कुमार शर्मा, शैलेंद्र कुमार शर्मा, वरुण त्रिवेदी, रवि वशिष्ठ, पवन कुमार शर्मा, नीरज शर्मा, राजन शर्मा, गौरव दीक्षित, रिशु दीक्षित, महेंद्र कौशिक, प्रदीप शर्मा, अरविंद पाराशर, आदि ब्रह्म बंधु उपस्थित रहे।

# पालिका प्रशासन ने ताले तुड़वाकर खाली कराया ईओ आवास में संचालित सपा कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत**। लम्बे समय से चले आ रहे विवाद के बाद नगर पालिका परिषद ईओ आवास में संचालित सपा कार्यालय को शनिवार को भारी पुलिस फोर्स तैनात कर खाली खाली करा दिया गया। कुछ माह पूर्व प्रशासन ने अपना ताला डालकर रंगाई पुताई बाहर से करा ली थी। शनिवार को पुलिस प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में ताले तोडकर पूरी तरह से आवास को खाली कराकर कब्जा ले लिया गया। भीतर रखा सपा का सामान जब्त कर नगर पालिका भिजवा दिया है। लग इस पूरी कारवाई की सपा को भनक नहीं सकी. सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। सिटी मजिस्ट्रेट का कहना है कि ईओ आवास पर पूर्व में ही कब्जा ले लिया गया था। परिसर में सपा का कुछ सामान रखा हुआ था। कई बार नोटिस देने के बाद भी सामान नहीं निकाला गया। इसे लेकर सामान निकालकर जब्त करते हुए नगर पालिका के कब्जे में भेज दिया है। सपा शासन में ईओ आवास को सपा कार्यालय के लिए किराए पर आवंटित किया गया था। जिसे 2003 में आवंटन निरस्त कर दिया गया, मामला कोर्ट में भी विचाराधीन था, कोर्ट से भी सपा को कोई राहत नहीं मिल सकी। जिस कारण शनिवार सुबह नगर पालिका की दर्जनों गाडियां पहुंच गई, साथ ही भारी पुलिस फोर्स लगा दिया गया। जिससे हड़कंप मच गया। ठीक 11 बजे ताले तोडकर सपा कार्यालय को खाली करा दिया गया। कार्यालय ताला तोड़कर खाली कराने के बाद सपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रसून द्विवेदी को शिकायती पत्र देकर कहा कि समाजवादी पार्टी पीलीभीत का कार्यालय शहर पीलीभीत में नकटादाना चौराहे पर स्थित है, जिसका मुकदमा माननीय सिविल जज (सी०डि०) न्यायालय पीलीभीत में मूलवाद सं0-199/2025 समाजवादी पार्टी बनाम नगर पालिका परिषद पीलीभीत विचाराधीन है. जिसमें सुनवाई लगातार हो रही है तथा माननीय न्यायालय के आदेश पर कार्यालय का कमीशन भी हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट पत्रावली पर दाखिल है, जिससे मेन डोर पर समाजवादी पार्टी की की ओर से ताले लगे होना दर्शाया गया है। उक्त वाद में स्टे के प्रार्थना पत्र पर दिनांक 04.12.2025 तिथि निश्चित है। उक्त बाद में नगर पालिका उपस्थित है, परन्तु उक्त वाद विचाराधीन होने के बाबजूद दिनांक 29 नवंबर को समय लगभग 11:30 बजे नगर पालिका परिषद पीलीभीत के अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार एवं कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद चेयरमैन आस्था अग्रवाल के इशारे पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी एवं एसडीएम श्रद्धा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पीलीभीत बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश के तथा बिना पूर्व सूचना के मौके पर भारी पुलिस बल लेकर आये तथा अवैध रूप से उक्त लोगों ने मेन डोर पर प्रार्थी के पड़े तालो को तोड़ दिया तथा कार्यालय में पार्टी के रखे सामान, अलमारी जिसमें आवश्यक एवं गोपनीय दस्तावेज रखे थे एवं एक मेज, लगभग 60-70 कुर्सियां सादा प्लास्टिक की, एक बड़ी कुर्सी तथा छः कुर्सियां गद्दे वाली आदि।

# राजनैतिक दलों के साथ एसआईआर पर जिलाधिकारी ने किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददताा**

**पीलीभीत**। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-राजनैतिक दलों के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जनपद की चारों विधानसभा के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर अधिक से अधिक गणना प्रपत्रों को कलेक्ट कर बीएलओ एप डिजिटाइज्ड की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों को अब तक किए डिजिटाइज्ड कार्यो की जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बीएलओ का गणना प्रपत्र भरवाने/जमा कराने में सहयोग की अपेक्षा की। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने गणना प्रपत्र के कार्यों में आ रही समस्या के बारे बताया गया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे: जसवंत

## कानून व्यवस्था, विकास कार्यो, राजस्व वसूली, योजनाओं के क्रियान्वयन व सीएमआईएस परियोजनाओं की गहन समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जनपद के प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों, राजस्व वसूली, योजनाओं के क्रियान्वयन और सीएमआईएस परियोजनाओं की गहन समीक्षा की।

बैठक में विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रभारी मंत्री ने विशेष रूप से C व D श्रेणी के अधिकारियों को अपनी ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित गरीब-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सुशासन तभी संभव होगा, जब राशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाएँ हर घर तक पहुंचें। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को



निर्देशित किया कि वे कार्यालयों में समय से उपस्थित हों, आगंतुकों से मृदुल व्यवहार करें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बागपत में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और स्वच्छता जैसी सुविधाएँ प्रत्येक नागरिक को सहजता से उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने और जनता से सीधे संवाद स्थापित करने पर ज़ोर दिया। समाज कल्याण, पंचायती राज, विद्युत, राजस्व, कृषि एवं स्वास्थ्य विभागों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से जनसुनवाई करें और लाभार्थियों से फीडबैक लें। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि योजनाएँ केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिएं किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान समस्याओं के मद्देनज़र चीनी मिलों को शीघ्र भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैंक विभाग को कार्यशैली में सुधार कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनता को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में देरी या उपेक्षा जनता के जीवन से खिलवाड़ है और यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। योजनाओं में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पात्र व्यक्ति को लाभ से वंचित करना अथवा अपात्र को लाभ देना-दोनों ही अपराध की श्रेणी में गिने जाएंगे। बच्चों की शिक्षा और पोषण में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा और नारी सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखे जाएं तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। गाँव-गाँव जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध पर ढिलाई बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि वे अलर्ट रहें और महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा, हमहिला सम्मान पर कोई समझौता नहीं, अपराधियों पर सीधा प्रहार होना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि गंदगी और बीमारी का सीधा संबंध है। इसलिए गाँव और शहर दोनों में स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया जाए। नालियाँ साफ हों, कूड़ा खुले में न सड़े और प्रत्येक मोहल्ला स्वच्छता का उदाहरण बने। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि कार्यालयों में आने वाले लोगों को सम्मान और सही जानकारी मिले। जनता को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सरकार की नीति शून्य सहिष्णुता की है। समापन संबोधन में मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंत्योदय है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना प्रशासन की असली कसौटी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विज़न डॉक्यूमेंट तैयार करें, समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण करें और कार्यों का ठोस परिणाम जनता के सामने दिखाई दे। वहीं जनपद में अपने उत्कृष कार्यकाल उपरांत अब सेवानिवृत होने जा रहे मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव को प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक योगेश धामा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण चौहान, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बस ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार बाप बेटी घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मविकला गांव के पास एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बस चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। यह घटना मविकला गांव के समीप हुई। दिल्ली से बागपत की ओर आ रही बस की चपेट में आने से खेकड़ा निवासी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उनकी बेटी घायल हुए। दोनों पिता-पुत्री किसी काम से खेकड़ा से बागपत जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर लगने के बाद बस चालक ने बस रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश की। हालांकि, स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बस का पीछा किया और उसे किसी तरह रुकवा लिया। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा। बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मुगलपुरा मोहल्ले में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया, जिसमें ईंट-पत्थर और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया।

संघर्ष के दौरान वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। इस घटना में तीन महिलाओं सहित सात से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। एक पक्ष की ओर से फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# सभासद के बेटे पर उसके दोस्तों ने चाकू से हमला किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत पट्टी मेहर में शुक्रवार देर रात पूर्व सभासद ओमप्रकाश के बेटे रोहित पर उसके दोस्तों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है।

घायल रोहित के पिता ने बताया कि यह विवाद दोस्तों के बीच गाली-गलौज और बहस से शुरू हुआ था। जब रोहित ने इसका विरोध किया, तो तीन युवक उसे घर से बुलाकर थोड़ी दूर ले गए। वहां उन्होंने रोहित की छाती, पेट और कंधे पर चाकू से कई वार किए। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। बड़ौत इंस्पेक्टर मनोज चहल ने जानकारी दी कि घायल रोहित के पिता की शिकायत के आधार पर कान्हा कश्यप, सोनू सैनी और विक्की कश्यप के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

# 6वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने दिया नेत्रदान का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को खेकड़ा में आयोजित एडीके जैन नेत्र अस्पताल के 6वें स्थापना दिवस कार्यक्रम ने नेत्रदान के संबंध में व्यापक जन जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नेत्रदान के महत्व पर विचार रखे और स्वयं संकल्प पत्र भरकर लोगों को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नेत्रदान एक अत्यंत सरल, वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रक्रिया है, जिसमें मृत्यु उपरांत निर्धारित समय सीमा के भीतर अस्पताल को सूचित करने पर नेत्र सुरक्षित रूप से संग्रहित कर लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी में रोशनी लौटाई जा सकती है और यह किसी भी रूप में शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस मानवतापूर्ण कार्य के लिए आगे आएं और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। उनकी प्रेरणादायक अपील के बाद कार्यक्रम में मौजूद कई लोगों ने मौके पर ही नेत्रदान संकल्प पत्र भरे। अस्पताल के स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने हाल ही में स्वास्थ्य विभाग और एडीके जैन नेत्र अस्पताल के संयुक्त सहयोग से जनपद में आयोजित किए गए। निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों की पहल की भी सराहना की। इन शिविरों के माध्यम से गांव गांव में कैंप आयोजित कर बड़ी संख्या में चिन्हित लोगों का सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन सुनिश्चित कर राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम को नई मजबूती दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि समय पर नेत्र रोगों की पहचान और उपचार से बड़ी संख्या में लोगों को स्थायी अंधत्व से बचाया जा सकता है। उन्होंने इसे 'दृष्टि सुरक्षा' के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एडीके जैन नेत्र अस्पताल ने पिछले छह वर्षों में खेकड़ा ही नहीं, बल्कि पूरे बागपत जनपद में अपनी सेवाओं से उल्लेखनीय पहचान बनाई है। आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और कम लागत वाली चिकित्सा सेवाओं के कारण यह अस्पताल ग्रामीण जनता के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुआ है। अस्पताल द्वारा अब तक हजारों लोगों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं उपचार उपलब्ध कराए जा चुके हैं। स्थापना दिवस के दौरान अस्पताल के इन प्रयासों की सराहना की। अस्पताल प्रबंधन की ओर से चेयरपर्सन डा.मंजू जैन वर्मा ने बताया कि एडीके जैन नेत्र अस्पताल का नाम महान व्यक्तित्व अरिदमन कुमार जैन के सम्मान में रखा गया है, जिनका सपना था कि हर व्यक्ति-चाहे वह किसी भी आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हो-उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र चिकित्सा प्राप्त कर सके। 1924 में खेकड़ा में जन्मे और यहीं से शिक्षा पूरी कर 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' में शामिल होकर उन्होंने सेवा और त्याग को अपने जीवन का मूलमंत्र बना लिया। उनके निधन के बाद 1995 में स्थापित एडीके जैन मेमोरियल ट्रस्ट ने उनकी मानवीय सोच को आगे बढ़ाते हुए 1996 में दिल्ली स्थित उनके घर को एक चैरिटेबल आई-केयर सेंटर में बदल दिया, और यहीं से सेवा यात्रा की शुरुआत हुई। समय के साथ यह प्रयास निःशुल्क नेत्र शिविरों, स्कूल स्क्रीनिंग, विज़न सेंटरों और अंततः आधुनिक नेत्र अस्पताल के रूप में विकसित हुआ, जो आज हजारों लोगों की दृष्टि बचाने और उन्हें जीवन में नई रोशनी देने का माध्यम बन चुका है। 24 नवंबर 2019 में उनकी स्मृति एवं प्रेरणा से एडीके जैन अस्पताल की स्थापना हुई थी। सभी ने जिलाधिकारी की अपील को सराहा और नेत्रदान के महत्व को समझते हुए इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ता है जब नागरिक व्यक्तिगत हितों से आगे निकलकर सामूहिक भलाई के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने आहवान किया कि अधिक से अधिक लोग के अंदर सेवा भाव का उत्साह होना चाहिए ओर उन्होंने आहवाहन किया कि अधिक से अधिक लोग भी नेत्रदान का संकल्प पत्र भरें। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.तीरथ लाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों और स्थानीय नागरिकों ने उपस्थिति रहे।

# जयंत ने किया 82 लाख रुपये की लागत से बने सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी बागपत पहुंचे। उन्होंने अपनी सांसद निधि से 82 लाख रुपए की लागत से बने सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद जयंत चौधरी ने स्वयं ट्रैक पर दौड़ लगाई।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि यह निर्माण उनकी सांसद निधि से हुआ है। अखिलेश यादव के एक बयान पर टिप्पणी करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि अभी उनका भय बोल रहा है। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रणाली, प्रक्रिया और संस्थाओं का सम्मान करने, लोगों को आगे आकर प्रक्रिया में शामिल होने और अपने वोट को सुनिश्चित करने का आहवान किया। साथ ही, उन्होंने मेरठ में खेल को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों और खेल उद्योग को



प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य खेल उद्योग से जुड़े उद्यमियों और कौशल विकास की संभावनाओं को पूरा करना है। जयंत चौधरी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को इसमें आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मेरठ जिले में कार्यरत लोकदल के सभी जनप्रतिनिधि मिलकर अगले तीन वर्षों में अपनी स्थानीय विकास निधि से 10 करोड़ रुपए की लागत लगाएंगे। यह राशि खेल और कौशल विकास से संबंधित परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी।

# खेल के लिए 2.30 करोड़ की पहली किस्त जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चौधरी जयंत सिंह ने अपनी सांसद निधि से खेल परियोजनाओं के लिए 2.30 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की है। यह धनराशि बागपत के श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज बालैनी, मेरठ के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज दबथुआ और शालिग्राम शर्मा स्मारक पीजी कॉलेज रासना में खेलों के विकास पर खर्च की जाएगी। बालेनी में आज इस पहल को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। युवा खिलाड़ियों एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस पहल की प्रशंसा की इस दौरान अभयवीर यादव भी मौजूद रहे।

यह पहल युवाओं को खेल और फिटनेस के क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है। जारी की गई राशि तीन महत्वपूर्ण खेल परियोजनाओं पर खर्च होगी, जिससे हजारों खिलाड़ियों को लाभमिलने की उम्मीद है। रालोद के वरिष्ठ नेता सुनील रोहटा ने बताया कि पहली परियोजना श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज, बालैनी में विकसित की जा रही है। इस पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें 200 मीटर से अधिक और 100 मीटर विस्तारित छह-लेन सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, हैमर थ्रो, जेवलिन और डिस्कस थ्रो के लिए समर्पित क्षेत्र तथा खिलाड़ियों के लिए इंडोर ट्रेनिंग हॉल का निर्माण शामिल है। शेष धनराशि मेरठ के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज दबथुआ और शालिग्राम शर्मा स्मारक पीजी कॉलेज रासना में खेल सुविधाओं के विकास पर खर्च की जाएगी। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। वरिष्ठ नेता अभयवीर यादव ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में की 152 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल में हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.मनीष तोमर के नेतृत्व में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस मौके पर 152 मरीजों की जांच की गई शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आज कैंसर रोग सांस रोग हड्डी की रीड की जांच विशेषज्ञ हड्डी के डॉक्टरों द्वारा कराई गई। जोड़ रोग विशेषज्ञ पेट रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग पेट रोग दंत रोग विशेषज्ञ की टीम ने अपनी सेवई दी जिसमें मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के जाने-माने कैंसर रोग विशेषज्ञ जनपद बागपत के तुगाना मूल निवासी डा.चौधरी राजेंद्र सिंह चौहान ने दूर दराज तक के लोगों की कैंसर से संबंधित जांच की जिनका उपचार भी मौके पर ही



किया। इस मौके पर मैक्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर कैंसर रोग विशेषज्ञ डा.राजेंद्र सिंह चौहान ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि क्षेत्र के लोगों की निःशुल्क सेवा करने के लिए मुझे समय-समय पर मौका मिलता रहता है और मैं समय-समय पर इन लोगों का उपचार करके लोगों की सेहत की देखभाल करने का कार्य करता हूं। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डा.मनीष तोमर, डा.आशीष चौधरी, डा. कामनाशीष दास, डा.दितेश मंगवानी, डा.लक्ष्य गोयल डा.राजेंद्र सिंह, डा.श्याम तोमर, डा.शोभित तोमर के अलावा आदि दिव्या पब्लिक स्कूल एवं भगवती एजुकेशन फार्मासिस्ट की टीम अन्नु चौधरी की पूरी टीम ने चिकित्सा शिविर में अपनी भूमिका निभाई।

# मामूली बात को लेकर दो पक्षों में संषर्घ, एक पक्ष के तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र की इंदिरा कॉलोनी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बच्चों द्वारा एक दीवार पर अपशब्द लिखने के बाद शुरू हुए इस विवाद में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार, बच्चों द्वारा दीवार पर अपशब्द लिखे जाने के बाद दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट और पथराव में बदल गई। इस दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घटना के बाद दोनों परिवारों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग



की है। पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह मामला दो अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है। पुलिस पूरे मामले पर कड़ी निगरानी रख रही है ताकि स्थिति और न बिगड़े।

# भविष्य को आकार दगुरु देते हैं अक्षय ज्ञान: आचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** संस्कारप्रणेता, ज्ञानयोगी, आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महामुनिराज ने मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में अतिथि भवन बड़ौत में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि गुरु और शिक्षक में अंतर होता है। जहां शिक्षक हमे अक्षर ज्ञान देते हैं वहीं गुरु हमे अक्षय ज्ञान देते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि अक्षय ज्ञान प्राप्त करके हम उस मार्ग का चयन करते हैं जिसमें मिथ्यत्व को समाप्त करके समयत्व प्राप्त होता है। हमारी आत्मा ही हमें सुख और दुख का ज्ञान कराती है। आत्मा शश्वत है,नश्वर है। सृष्टि सदा रही है और रहेगी,लेकिन हमारी आत्मा अमर है। पंचकल्याणक के माध्यम से हमें धर्म से जुड़ने का अवसर मिला है। काम तो हम पूरी जिंदगी करते है, लेकिन हमें इस समय का भरपूर उपयोग करना है और अपनी आत्मा का कल्याण करना है। सभा का संचालन अमित जैन द्वारा किया गया। सभा में पंकज जैन, अजय जैन काले, सुखमाल जैन, राजकुमार जैन, राकेश जैन, कमल जैन, अंकुर जैन, प्रवीण जैन, मनोज जैन, सतीश जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि शाम को 5 बजे समाज द्वारा पंचकल्याणक के पात्र अशोक जैन दवाई वाले और सतीश जैन फर्नीचर वालो का तिलक लगाकर सम्मान किया गया और मंगलाचार के अंतर्गत पूरी समाज से भक्ति के द्वारा खुशी मनाई। सभा में पंकज जैन,अजय जैन काले,प्रवीण जैन,मनोज जैन,राजकुमार जैन, सुखमाल जैन,राकेश जैन,सौरभ जैन,कमल जैन,अमित जैन,अंकुर जैन आदि उपस्थित थोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भाजपा ने मनाया पूर्व सांसद का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.सत्यपाल सिंह का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन-पूजन के साथ मनाया गया। इस दौरान बिजरौल रोड़ स्थित शाहमल कॉलोनी व बिनौली रोड स्थित मुसद्दीलाल जैन धर्मशाला में कार्यक्रम हुए।

शहामल कॉलोनी में पूर्व सांसद के जन्मदिन पर बड़ौत नगरपालिका परिषद के चौयरमेन प्रत्याशी व भाजपा वरिष्ठ नेता के सुधीर मान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन-पूजन कर पूर्व सांसद डा. सत्यपाल सिंह का जन्मदिन मनाया। उनके तस्वीर के सामने केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस मौके सुधीर मान ने कहा कि पूर्व सांसद डा.सत्यपाल सिंह ने बागपत के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में शांति और समृद्धि की नई किरण आई। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यो को याद करते हुए कहा उन्होंने बागपत को प्रगति की और ले जाने का काम किया है। उन्होंने बागपत लोकसभा में 28 गांवों को समग्र योजना को चयनित कराने के लिए अनुमोदित किए। बड़ौत से दिल्ली दो नयी शटल ट्रेन चलवाई। 12 सौ करोड़ रुपये से टयौढ़ी में नए पावर ग्रेड की स्थापना कराई। बागपत में बस अड्डा स्वीकृत कराया। यमुना नदी पर छपरौली व समालखा (पानीपत) को जोड़ने का काम किया है। दो हजार दिव्यांगों को उपकरण दिलाएं।

# नीलम सिंह ने दी पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलक्ट्रेट सभागार में शनिवार को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत गर्वधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान अधिनियम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वात्सल्य संस्था लखनऊ की निदेशक डा. नीलम सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियो को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने लिंग परीक्षण रोकने एवं भ्रूण लिंग की जांच करने वाले लोगों के खिलाफ क्या-क्या कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए के बारें में जानकारी दी। साथ ही लिंग अनुपात को बढ़ाने एवं मुखबिर योजना के माध्यम से जिले में डिकॉय आपरेशन करने, अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण के दौरान की जाने वाली कार्रवाई के बारें में भी बताया। इस मौके पर एडीएम, सभी एसडीएम, सीएमओ डा. तीरथलाल, एसीएमओ एमएस भदौरिया, पीसीपीएनडीटी के नोडल डिप्टी सीएमओ डा. मसूद अनवर, सभी सीएचसी अधीक्षक, जनपदीय सलाहकार समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# एसआईआर को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बूथों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एसआईआर को लेकर भारतीय चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग की सख्ती के चलते स्थानीय प्रशासन के साथ ही जिला प्रशासन भी इसकी सफलता को जी जान से जुटा हुआ है।

इसी के चलते शनिवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसडीएम उदित पवार और एसडीएम न्यायिक निधि शुक्ला के साथ क्षेत्र के गांव ईंधजागीर के पांचों बूथों का औचक निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने ग्राम पंचायत के पांचों बूथों के कार्य की जानकारी ली, जिसपर उन्हें बताया गया कि 145,146,147,148,149 बूथों का कार्य संतोषजनक पाया गया। उन्हें बीएलओ ने बताया कि सभी इन बूथों पर 72 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य भी जल्द पूर्ण



किए जाने का भरोसा बीएलओ ने उन्हें दिया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने ग्राम के धार्मिक स्थलों से प्रचार प्रसार कराए जाने का आवाहन किया।

इस दौरान ग्राम प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला, भाजपा नेता नत्थू लाल आर्य, महेन्द्र गंगवार आदि भी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी भर्ती में भ्रष्टाचार डीपीओ को नोटिस

■ **शासन ने लिया संज्ञान, सात बिंदुओं पर मांगा जवाब**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदों की भर्ती में हुए भ्रष्टाचार के मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) मनोज कुमार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के निदेशक ने उन्हें नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर सात बिंदुओं पर जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब न देने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

यह मामला शासन तक पहुंच गया है। जिलाधिकारी ने डीपीओ के विरुद्ध लापरवाही, शिथिलता, उदास. ीनता और मनमर्जी के आरोप में कार्रवाई की संस्तुति की थी। इसी का संज्ञान लेते हुए निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने डीपीओ को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस के अनुसार, पिछले साल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त 311 पदों के सापेक्ष 301 पदों पर भर्ती हुई थी। डीपीओ ने इस प्रक्रिया की उचित निगरानी नहीं की, जिसके कारण भर्ती से संबंधित 168 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 21 शिकायतें सही पाई गईं और 21 चयन निरस्त करने पड़े। इस मामले में तीन लेखपालों को निलंबित किया गया, जबकि सात लेखपालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान जिला समन्वयक धर्मपाल के विरुद्ध रिश्वत लेने की पुष्टि होने पर 7 जुलाई को उनकी संविदा समाप्त कर दी गई थी। इसी तरह, सीडीपीओ श्रीकृष्ण चंद्र का रिश्वत लेने का एक वीडियो वायरल होने के बाद सीडीओ की रिपोर्ट पर उन्हें 16 अप्रैल को निलंबित किया गया था। डीपीओ की निगरानी में हुई इस भर्ती प्रक्रिया में उन्होंने घोर लापरवाही बरती, न तो उन्होंने स्वयं निरीक्षण रिपोर्ट दी और न ही सीडीपीओ की निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराई।

निदेशक ने डीपीओ से यह भी कहा है कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करना संभव नहीं हो पाया है। इस संबंध में पूर्व में सीडीओ ने डीपीओ को विभिन्न तारीखों में 11 बार कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। निदेशालय से भी वर्ष 2024 में 21 जून को चेतावनी तथा 16 व 19 जुलाई एवं 26 सितंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस दिए गए थे, फिर भी डीपीओ ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया।

# एसआईआर शत-प्रतिशत पूरा करने पर मिला सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बहेड़ी विधानसभा-118 में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत पूरा करने वाले बीएलओ को शनिवार को सम्मानित किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी इशिता किशोर और तहसीलदार भानु प्रताप ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने बीएलओ के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएलओ की मेहनत से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। अधिकारियों ने सभी कर्मियों से इसी प्रकार निष्ठा और लगन से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बहेड़ी क्षेत्र में लोकतांत्रिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# चेयरमैन ने शिविर लगवाकर भरवाए एसआईआर प्रपत्र

■ **नगरपंचायत कर्मचारियों ,सभासदों ने बीएलओ के साथ मिलकर भरे प्रपत्र**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** एसआईआर को लेकर बीएलओ पर बढ़ते दबाव को कम करने के उद्देश्य से नगरपंचायत शीशगढ़ की चेयरमैन नीलोफर ने अपना भरपूर सहयोग देकर नगर के किसान जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में एक शिविर लगवाकर गणना प्रपत्र भरने एवं उनको जमा करने का कार्य का शुभारंभ कराया। शिविर में एसआईआर प्रपत्र भरने वालों एवं जमा करने वालों की भारी भीड़ रही।

## एसआईआर प्रपत्र जमा नहीं किए तो वोटर लिस्ट से कटेगा नाम

चेयरमैन नीलोफर ने कस्बे के सभी लोगों से अपने गणना प्रपत्र जल्द से जल्द बीएलओ के पास जमा करने की अपील की है। चेयरमैन ने चतावनी देते हुए कहा है कि जिन लोगों ने एसआईआर प्रपत्र लेकर अपने घरों में रख लिए हैं, ऐसे लोग समय रहते जमा कर दें अन्यथा ऐसे लोगों का नाम मतदाता सूची से कट जाएगा। यदि एसआरआर प्रपत्र भरने में कोई परेशानी हो तो शि. विर में इसका लाभ उठाए। याद रखें अपने परिवार, रिश्तेदार व अन्य संबंधियों के गणना प्रपत्र अवश्य जमा करा दें, पूरी जांच पड़ताल कर लें कोई शेष न बचे। इसको गंभीरता से लें सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करें।

चेयरमैन नीलोफर के निर्देश पर किसान जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में आज शनिवार को नगर के सभी 15 वार्डों के अलग-अलग टेबल लगाकर प्रत्येक बीएलओ के साथ नगर पंचायत के दो कर्मचारी एवं वर्तमान व पूर्व सभासद को साथ लगाकर गणना प्रपत्र भरने एवं उनको जमा करने के कार्य कराया गया।

बड़ी संख्या में गणना प्रपत्र जमा किए गए, जिससे बीएलओ ने भी राहत की सांस ली। आज रविवार को भी शिविर लगाकर गणना प्रपत्र भरने व जमा करने का कार्य किया जाएगा।

# युवा मोर्चा का आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन सम्पन्न

■ **सांसद व विधायक ने युवाओं को दिया प्रेरणादायी संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा फतेहगंज पश्चिमी मंडल का आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन कस्बा के एक इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया।





कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों से लेकर मंडल क्षेत्र से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और सम्मेलन को सफल बनाया। मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंग. वार ने कहा कि युवा ही आत्मनिर्भर भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जापान में बच्चे नौकरी खोजने के बजाय नए-नए आविष्कार कर देश का मान बढ़ाते हैं। मीरगंज विधायक डॉ डीसी वर्मा ने बताया कि एसआईआर अभियान चल रहा है। उन्होंने सभी बच्चों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों से फार्म भरकर अनिवार्य रूप से जमा करें और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही उन्होंने बच्चों को नशा, चोरी और गलत संगत से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश गंगवार ने की। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष कैलाश शर्मा, राम गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सिंटू गंगवार, यशपाल यादव, राजा जायसवाल, विनोद सिंह सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

# नौ माह बाद रिजवान हत्याकांड के दो आरोपी और दबोचे, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की मोहल्ला मियां की मस्जिद के रहने वाले रईस अहमद सिद्दीकी के 22 वर्षीय बेटे मो0 रिजवान की गुमशुदगी का राज करीब नौ माह बाद सामने आया।



मध्य प्रदेश के जिला नर्मदापुरम के थाना माखनपुर क्षेत्र के पिपरिया सैमरी के जंगल से शव मिला था, जिसमें नामजद आरोपी अरमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। रिजवान 10 नवंबर को घर से देहरादून मजदूरी करने जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन रास्ते में वह नगर के ही मो. अरमान के संपर्क में आ गया और उसके साथ मध्य प्रदेश पहुंच गया। इसके बाद रिजवान का मोबाइल बंद हो गया और वह लापता हो गया। परिवार की तहरीर पर पहले गुमशुदगी और बाद में अरमान के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई। मुख्य आरोपी अरमान कई माह पहले ही कोर्ट में सरेंडर होकर जेल भेजा जा चुका है। जनवरी में पिपरिया सैमरी के जंगल में ग्रामीणों ने सड़ा-गला कंकाल देखा था। सोहागपुर पुलिस को तलाशी के दौरान आधार कार्ड और मोबाइल मिला, जिससे रिजवान की पहचान पक्की हुई। उपनिरीक्षक अभिषेक नागर परिजनों को लेकर एमपी पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर लौटे थे।

जांच में नए सिरे से खुलासे के बाद शनिवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अरमान के पिता ईस्माइल और अरमान के एमपी के रहने वाले साथी धर्मेन्द्र को हिरासत में लिया। दोनों से पूछताछ में संदिग्ध भूमिका सामने आने पर पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर क्राइम वेद सिंह ने बताया कि रिजवान हत्याकांड में कुछ और नाम भी सामने आए हैं, जिनको भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नोडल अधिकारी ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंडल के आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता/नोडल अधिकारी धान खरीद, योगेश कुमार ने शनिवार को बरेली जनपद के विभिन्न धान क्रय केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी दिलापीर, पैक्स भिंडौलिया और पैक्स बल्लिया का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने खरीद व्यवस्था, किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, स्टॉक रजिस्टर के रखरखाव, भुगतान की प्रगति और तौल प्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं सुचारु रूप से चल रही हैं। श्री कुमार ने क्रय केंद्रों पर मौजूद किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं तथा सुझावों को सुना। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी स्तर पर कोई असुविधा न हो, इसके लिए वे पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें।

आयुक्त ने तौल मशीनों की सटीकता, बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता, पारदर्शी भुगतान प्रणाली और केंद्र पर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि उड़द खरीद के प्रति किसानों में अभी पर्याप्त जागरूकता नहीं है। इस पर, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उड़द खरीद केंद्रों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक किसान सरकारी खरीद का लाभ उठा सकें। योगेश कुमार ने जोर देकर कहा कि सभी क्रय केंद्र निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करें और किसानों की उपज का उपार्जन समयबद्ध तरीके से हो।

# चालक परिचालक के साथ मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कार को साइड नहीं देने पर पिकअप के चालक और परिच. ालक के साथ कार सवार लोगों ने जमकर मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो में सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करगैना चौकी क्षेत्र में कुछ युवक गाड़ी के चालक और परिचालक को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो मौके पर मौजूद दूसरी कार में बैठे लोगों ने रिकॉर्ड किया। लोग इसे शेयर करके आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सुभाषनगर इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# इमरती लाल के निधन से चाय प्रेमियों में शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर हो या फिर सेंथल से गुजरने वाले राहगीर बिना इमरती लाल की चाय पिये चले जायें ऐसा सम्भव नहीं था।

सेंथल चौराहे पर स्थित दुकान जो सुबह साढ़े तीन बजे खुलने के पश्चात रात्रि में बारह बजे के बाद ही बंद होती थी।

इमरती लाल के हाथों से बनी स्नेह प्रेम सद्भाव से भरी चाय शायद ही कोई ऐसा नगरवासी व ग्रामीणवासी हो जिसने पी न हो। पैसे हों, न हों, नगद हो, उधार हो, लेकिन आपके दुकान पर पहुंचते ही स्वादिष्ट दूध से बनी चाय आपके लिए तैयार चौराहे पर रहकर चौकीदार की भूमिका भी निभाते थे। किसी का कोई सामान अथवा बिल्टी आदि आती तो एक ही जबाब मिलता इमरती लाल की दुकान पर रख देना ऐसे नसीर हैदर उर्फ (इमरती लाल जी) के निधन की खबर से सभी चायप्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गयी है। शांत, मृदु स्वभाव, हमेशा बेहद खुश मिजाज प्रेमी, स्नेही स्वभाव के मालिक थे, निधन की सूचना पर सभी नगरवासी आपके निवास की ओर दौड़ पढ़े। सेंथल नगर पंचायत अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू सहित पत्रकार सरफराज खान, हनीफ साहिल, तंजीम हैदर भाई जी, फहीम हुसैन जैदी, इसरार अहमद, रईस हैदर, नसीर हैदर, पं घनश्याम दास, उमाकांत जोशी, बाबू हसन, संजीव गुप्ता बंटू, आशीष देवल सहित अनेक लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, व परिवार को ढांढस बंधाया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-1892 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26

दिनांक-21.11.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-325 वार्ड-7 जो नैनीताल रोड मोहल्ला टांडा दक्षिणी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखो में श्री हाफिज हमीद पुत्र श्री छिददन व श्री मो. जीशान व श्री शाने आलम पुत्रगण श्री हाफिज हमीद के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को दान पत्र दिनांक-14.12.2022 के द्वारा श्री शाने आलम पुत्र हाफिज अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला शेखूपुर हाल निवासी कुंज अबुल फजल उन्केलेव न्यू फ्रेन्डस कालोनी दिल्ली ने मो. आफताब पुत्र मो. हाफिज निवासी बहुरानी साड़ी शोरूम मोहल्ला गोदाम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को दान कर दिया गया है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-01.03. 1979 के द्वारा श्री सय्यद कमर अली व सय्यद बेनजीर हसन व सय्यद तसब्बुर अली पुत्रगण सय्यद जफर अली निवासी शहर बरेली मोहल्ला खन्नू जिला बरेली ने श्री हाफिज हमीद पुत्र छिददन व श्री मोहम्मद जीशान व मोहम्मद शाने आलम निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-03.08.2024 के द्वारा मो0 आफताब की मृत्यु दिनांक-08.07. 2024 को हो चुकी है। श्री शहनवाज आलम व फैसल आफताब पुत्रगण स्व. श्री मो. आफताब व श्रीमती निगार सुल्ताना पत्नी श्री मो. आफताब निवासीगण बहुरानी शोरूम के ऊपर मोहल्ला गोदाम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# पैकेट पर धोखा-पकड़ा गया सच! किप्स सुपर मार्केट पर बड़ी कार्रवाई

■ **किप्स सुपर मार्केट में मिलावट का भंडाफोड़, रोस्टेड काजू नमकीन फेल, जिला प्रशासन ने ठोका तीन लाख का जुर्माना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर के प्रतिष्ठित किप्स सुपर मार्केट में मिलावट का बड़ा मामला सामने आया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए रोस्टेड काजू नमकीन के नमूने की लैब रिपोर्ट फेल होने के बाद जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए स्टोर पर तीन लाख रुपये का जुर्माना ठोंक दिया है।

13 सितंबर 2024 को पूर्व खाद्य सुरक्षा अधिकारी मान सिंह निरंजन ने राजेन्द्रनगर स्थित किप्स सुपर मार्केट का नियमित निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान स्टोर में रखे करीब चार किलोग्राम रोस्टेड काजू नमकीन में गड़बड़ी की आशंका हुई। शक गहराने पर अधिकारी ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक किलो नमूना 1100 रुपये में खरीदकर लखनऊ स्थित प्रयोगशाला भेजा।

कुछ सप्ताह बाद आई रिपोर्ट में नमकीन को 'मिथ्या छाप' घोषित किया गया। रिपोर्ट ने खुलासा किया कि पैकेट पर छपा विवरण वास्तविक सामग्री और गुणवत्ता से मेल नहीं खाता। यानी उपभोक्ताओं को गुमराह करने की पूरी कोशिश की गई थी। रिपोर्ट जिले के प्रशासन के समक्ष पेश हुई, जिसके बाद सुनवाई करते हुए अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे ने किप्स सुपर मार्केट पर 3 लाख रुपये का दंड लगा दिया।

एडीएम ने साफ कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गलत लेब. लिंग, मिथ्या छाप और मिलावट को गंभीर अपराध माना जाता है, क्योंकि इससे न सिर्फ उपभोक्ता धोखे में पड़ता है, बल्कि उसके स्वास्थ्य पर भी सीधा खतरा बनता है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शहर में बिकने वाले पैक्ड व खुले खाद्य पदार्थों की नियमित जांच जारी रहेगी। व्यापारी अगर बिना मानक, गुणवत्ता जाँच और सही लेबलिंग के सामान बेचते पकड़े गए, तो ऐसी ही कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

किप्स सुपर मार्केट पर कार्रवाई के बाद शहर के व्यापारी वर्ग में हड़कंप मचा हुआ है। कई दुक. ानदार अब अपने खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और दस्तावेजों की दोबारा जांच में जुट गए हैं, ताकि ऐसी फजीहत से बचा जा सके।

जिला प्रशासन ने दो टूक कहा है कि खाद्य सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं। मिलावट और मिथ्या छाप मिले तो सख्त कार्रवाई तय है।

## एक नजर

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद दसवें दिन दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की जब कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो उसने मुख्यमंत्री पोर्टल से इस मामले की शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद दसवें दिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कस्बे की बगिया बस्ती के रहने वाले मो0 सैफ पुत्र जमील अहमद उर्फ बाबू गुजरी 16 नवम्बर को बाइक से बरखेड़ा जा रहा था कि ग्राम जरेली के पास सामने से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही ईको कार यूपी 26 ए पी 0126 ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके साथ ही उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना की तहरीर पुलिस को दिए जाने के बाद भी जब पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो उसने इसकी मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दस दिन बाद दर्ज कर ली।

# पुलिस ने राधाकृष्ण मंदिर के पास देशी बन्दूक के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास से एक युवक को देशी बन्दूक और जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।



पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने टीम के साथ दबिश देकर सुरेश पुत्र सोमपाल निवासी भोलापुर को गिरफ्तार कर लिया।उसके पास से 315 बोर की देशी बन्दूक और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।पुलिस नेआरोपी के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा कुछ अहम जानकारियां मिली है जिसकी पुलिस जांच कर रही है।आरोपी सुरेश के खिलाफ एक मुकदमा पहले से दर्ज है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, चौकी प्रभारी अनूप सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल अक्षय कुमार शामिल रहे।

# सेंथल नगर में भी बहती थी गंगा नदी गंगापुर नाम से मोहल्ला भी था आबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर पंचायत सेंथल में गंगापुर नाम से मोहल्ला भी आबाद था, बुजुर्गों की मानें तो आस्था की प्रतीक पतित पावनी नदी पुराने जमाने में यहीं से होकर बहती थी।

सेंथल में एक बहुत ऊँचा टीला है जिसे खेड़ा के नाम से जाना जाता है, वर्तमान में वह कब्रिस्तान का रूप ले चुका है, इसी के पास से होकर मां गंगा गुजरती थी।

इतिहासकारों का तर्क इससे उलट है, उनका कहना है कि कमोवेश हर नगर व जिले में गंगापुर नाम के मोहल्ले आबाद थे व हैं, वैसे भी जिले में गंगा नहीं रामगंगा नदी है, जिसका संगम शाहजहांपुर के जलालाबाद से आगे जाकर होकर फर्रुखाबाद के पास गंगा में होता है। तहसील नबाबगंज के सेंथल कस्बे में भी गंगापुर नाम का मोहल्ला आबाद था। वैसे एक हजार साल के इतिहास में गंगा नदी के शहर के इतने पास से बहने का जिक्र किताबों में नहीं मिलता, यह खोज का विषय है। जिले में भी सेंथल बरेली मंडल की सबसे पुरानी नगर पंचायतों में से एक है। यहां का इतिहास, यहाँ के लोग, यहाँ की संस्कृति, पूरे बरेली जिले में इसे विशेष स्थान दिलाती है। सेंथल की प्रतिभाएं पूरे भारत के कोने-कोने में अपनी योग्यता क्षमता से सेंथल नगर पंचायत को रोशन कर रहीं हैं।

# बरेली में आज गूंजेगा शौर्य का स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर आज एक अद्भुत जोश, ऊर्जा और अनुशासन का साक्षी बनने जा रहा है।





विश्व हिंदू परिषद कार्यालय, श्री कृष्ण लीला परिसर में कल दोपहर 11 बजे बजरंग दल की शौर्य यात्रा के लिए युवाओं का विशाल एकत्रीकरण होगा। वातावरण में गूंजते जयघोष, भगवा ध्वजों की लहराती छटा और युवाओं के चेहरे पर दिखता आत्मविश्वास पूरे परिसर को शौर्य से सराबोर कर देगा। ठीक 12 बजे शौर्य यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें लगभग 500 युवा शामिल होकर अनुशासन, संगठन और सांस्कृतिक जागरण का संद. श देंगे। मार्ग पर स्वागत द्वार, ढोल-नगाड़े और उत्साह से भरे नागरिक इस यात्रा को और भी भव्य रूप देंगे। आयोजकों के अनुसार, इस शौर्य यात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभाव, चारित्रिक शक्ति और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान विभिन्न पड़ावों पर युवाओं का अभिनंदन और सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी, जिससे पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। आज की यह शौर्य यात्रा बरेली में उत्साह, ऊर्जा और युवा संकल्प का अद्वितीय प्रदर्शन बनकर अपने उद्देश्य की उज्ज्वल छाप छोड़ने वाली है।

**बजरंग दल की भव्य शौर्य यात्रा के लिए 500 युवाओं का जुटान**

# डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को 125-बरेली कैंट विधानसभा क्षेत्र और 124-बरेली विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रवीन्द्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज, सूरज भान गर्ल्स इंटर कॉलेज राजेंद्र नगर और रायफल क्लब में संचालित केंद्रों का दौरा किया।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन कार्य प्रतिदिन अनिवार्य रूप से किया जाए और किसी भी स्तर पर कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कार्य की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए दो शिफ्टों में काम कराने के भी निर्देश दिए, ताकि निर्धारित अवधि में सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे हो सकें। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने बीएलओ के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर बरेली कैंट क्षेत्र की मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से संवाद कर पुनरीक्षण कार्य से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में मतदाता सूची से संबंधित अधिक समस्याएं सामने आ रही हैं, वहां विशेष शिविर लगाकर लोगों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आमजन को इस अभियान की समुचित जानकारी मिले, ताकि अधिक से अधिक नागरिक पुनरीक्षण कार्य हेतु आगे आ सकें। इस दौरान बीएलओ सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नौकरी के नाम पर 3.87 लाख की ठगी

## आसपा के प्रदेश सचिव समेत दो लोगों पर ठगी के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के लज्जापुरी चमरी रोड निवासी कैलाश पुत्र महावीर ने थाना हापुड़ नगर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव समेत दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित कैलाश के अनुसार, हरीश और सुशील पुत्र जगत सिंह जो गली नंबर-4, मोहल्ला लज्जापुरी, चमरी रोड के निवासी हैं। अपराधी और शातिर प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं, जो संगठित गिरोह बनाकर रिहायशी इलाके में अवैध गतिविधियां चला रहे हैं।

शिकायत के मुताबिक, जून 2020 में आरोपी पीड़ित के घर पहुंचे और दावा किया कि उनके इलाहाबाद हाईकोर्ट के बड़े अधिक. ारियों से संबंध हैं और वे उनकी बेटी मीनाक्षी को जज के पेशकार के पद पर नौकरी दिलवा सकते हैं, जिसकी सैलरी 70-80 हजार रुपये प्रतिमाह बताई गई। पहले 7 लाख रुपये की मांग की गई, लेकिन पीड़ित की असमर्थता जताने पर आरोपी 5 लाख रुपये में धीरे-धीरे भुगतान की बात कहकर उसे झांसे में ले आए। इसके बाद नौकरी के फार्म और प्रक्रिया के बहाने आरो. पियों ने लगभग 3,87,000 रुपये पीड़ित से ठग लिए। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसकी बेटी के नाम से इलाहाबाद हाईकोर्ट का फर्जी नियुक्ति पत्र संख्या-0189 रजिस्ट्रार जनरल के कूटरचित हस्ताक्षरों वाले सरकारी दस्तावेज तैयार कराए और उसे रिपोर्टिंग डेट और जॉइनिंग डेट लिखवा कर नौकरी लगने का झूठा विश्वास दिलाया। आरोप है कि 1 सितंबर 2021 को जब पीड़ित वास्तविक दस्तावेज लेकर मेरठ कचहरी पहुंचा, तब पता चला कि सभी पेपर नकली हैं और ऐसा कोई नियुक्ति पत्र हाईकोर्ट द्वारा जारी नहीं किया गया है। आरोप है कि आरोपियों ने 20 फरवरी 2023 को पुलिस के सामने आरोपियों ने 4 बंद खाते के चेक और नोटरीयुक्त शपथपत्र दिया कि जल्द पैसे लौटाएंगे, लेकिन सभी चेक बैंक द्वारा बाउंस हो गए और आज तक भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित के अनुसार, आरोपी रिहायशी क्षेत्र में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर स्टोर, छोटे सिलेंडरों में अवैध रिफिलिंग और उँचे दाम पर गैस बिक्री का अवैध धंधा भी चला रहे हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पीड़ित कैलाश ने पुलिस से धोखाधड़ी, कूटरचना, धमकी और अवैध गैस रिफिलिंग के मामले में आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि फिलहाल पुलिस द्वारा पीड़ित द्वारा शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोज़र, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी एवं सख्त कार्रवाई करते हुए थाना देहात क्षेत्र के विकास इलाके में भारी पुलिस बल के साथ बुलडोज़र चलाया। इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों और भू-माफियाओं में जबरदस्त हड़कंप मच गया तथा पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



प्राधिकरण की टीम ने देहात क्षेत्र के गांव असोड़ा में बृजमोहन पुत्र राम अवतार द्वारा की गई 7000 वर्ग मीटर ज़मीन पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को बुलडोज़र की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। मौके पर जांच के दौरान यह पाया गया कि इस प्लाटिंग के लिए कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया था, जिसके कारण यह निर्माण पूरी तरह अवैध की श्रेणी में आता था। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि जिले में अवैध रूप से निर्माण एवं कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध निर्माण को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे निर्माणों को चिन्हित कर पूरी तरह तोड़ा जाएगा और भू-माफियाओं को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन ऋषि कुमार शर्मा, अवर अभियंता सत्यवीर सिंह तथा प्राधिकरण का सचल दस्ता सक्रिय रूप से शामिल रहा। कार्रवाई के दौरान पुलिस की मौजूदगी के कारण विरोध या किसी अवरोध की स्थिति उत्पन्न नहीं हो पाई और अवैध निर्माण को शांतिपूर्ण ढंग से ध्वस्त किया गया।

# पूर्व मंत्री स्व.रमाशंकर कौशिक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.रमाशंकर कौशिक की 17वीं पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पुण्यतिथि

उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



गजरौला:पूर्व मंत्री स्व.रमाशंकर कौशिक को श्रद्धांजलि देते सपा कार्यकर्ता।

शनिवार को बस्ती मार्ग स्थित उनके आवास अवंतिका पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके पुत्र एवं पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल कौशिक ने कहा कि बाबू जी ने जीवन में समा. जवादी विचारधारा को आत्मसात किया और सु. चता की राजनीति की। उनका कहना था कि समाज के पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, वंचित और शोषित वर्ग को समाज की मुख्यधारा के साथ लाना हमारी राजनैतिक प्राथमिकता होनी चाहिए। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजली होगी। इस मौके पर पूर्व विधायक अशफाक अली खां, जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र यादव, ब्राह्मण सभा, मुरादाबाद के सतेंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष, जितांबर सिंह यादव, आलोक भारती, रविशंकर शर्मा, चंचल सिंह, सुधाकर सिंह, अनिरुद्ध रस्तोगी, पंकज कौशिक,डा. निरंजन प्रसाद गर्ग, सचिन यादव, इश्तियाक मालिक, जयविंदर यादव,रामप्रकाश गर्ग, सोनू गर्ग आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा सरिता चौधरी के कार्यालय पर सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री स्व.रमाशंकर कौशिक की पुण्यतिथि मनाते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने संकल्प लिया। कहा कि स्व.कौशिक ने अपने कार्यकाल के दौरान गजरौला को अनेकों विकास की सौगात दीं। आज भी गजरौला में उनके द्वारा किए गए विकास कार्य दिखाई देते हैं। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी इस्तकार हुसैन, सतेन्द्र प्रधान, रविन्द्र प्रधान, अरुण चौधरी, अमन सिरोही, यासिर हुसैन, निशान्त ठाकुर, अरुण गिल, आकाश चौधरी, दिनेश चौहान, मोहित चौधारी, अभिषेक शर्मा, सुरेन्द्र चौहान, जातिन यादव आदि मौजूद रहे।

# कबाड़ गोदाम में भयंकर आग, दमकल की दो गाड़ियों ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पिलखुवा-धौलाना रोड पर स्थित प्रसिद्ध दवा कंपनी मैनकाइंड वेयरहाउस के ठीक सामने बने एक कबाड़ गोदाम में शनिवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास मौजूद लोगों, राहगीरों और व्यापारियों में हड़कंप मच गया। गोदाम से उठता काला धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था, जिसके चलते इलाके में दहशत जैसा माहौल बन गया।



स्थानीय लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बिना किसी देरी के आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना प्राप्त होते ही दमकल विभाग ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए पिलखुवा फायर स्टेशन से दो यूनिट अग्निशमन वाहन तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना कर दिए। घटनास्थल पर पहुंचते ही फायर स्टेशन सेकंड ऑफिसर सचिन कुमार ने मोर्चा संभालते हुए टीम को निर्देशित किया और आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। धुएं के गुबार और आग की तीव्रता के बीच दमकल कर्मियों ने साहस और रणनीति के साथ घंटों तक अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत और दमकल कर्मियों की सूझबूझ से आग पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पा लिया गया। आग शांत होने के बाद मौके पर मौजूद सैकड़ों लोगों ने राहत की सांस ली और दमकल टीम की सराहना की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। आग से हजारों रुपए के आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। स्पष्ट किया कि इस अग्निकांड के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस और दमकल विभाग अब मिलकर जांच कर रहे हैं और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# मिशन शक्ति के तहत सीओ ने छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पिलखुवा सीओ अनीता चौहान द्वारा नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भविष्य पब्लिक स्कूल, पिलखुवा में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में विद्यालय की बालिकाओं और महिला अध्यापिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, आपातकालीन सेवाओं और आत्मरक्षा तकनीकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान की गईं। सीओ अनीता चौहान ने छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है और प्रत्येक लड़की को अपने अधिकार, सुरक्षा संसाधन और परिस्थितियों में बचाव के तरीके अवश्य जानने चाहिए। सीओ ने यह भी बताया कि किसी भी तरह की असुरक्षा या उत्पीड़न की स्थिति में डरने की बजाय तुरंत अपनी बात सही माध्यम तक पहुँचाना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से निर्भीक होकर पुलिस सेवा का उपयोग करने और अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गति. विधि की सूचना देने का आहवान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य और स्टाफ ने मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने और सुरक्षा के प्रति सजग करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही हैं।सीओ अनीता चौहान ने अंत में कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल जागरूकता देना ही नहीं, बल्कि समाज में एक ऐसा सुरक्षा कवच तैयार करना है, जहाँ प्रत्येक महिला और बालिका स्वयं को सुरक्षित और सशक्त महसूस करे।

# गंगा घाट पर मिली लापता यूनिवर्सिटी प्रोफेसर की लावारिस बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद अमरोहा के गजरौला में रहने वाले वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ प्रोफेसर आकाश भारद्वाज शुक्रवार सुबह से रहस्यमय तरीके से लापता हैं। देर रात उनकी बाइक गढ़मुक्तेश्वर के प्रसिद्ध ब्रजघाट पर गंगा नदी किनारे लावारिस हालत में बरामद हुई, जिसके बाद परिवार में डर और चिंता का माहौल है। परिजन किसी अप्रिय घटना की आशंका से बेहद परेशान हैं।



मिली जानकारी के अनुसार जनपद बुलंदशहर के शिकारपुर थाना क्षेत्र के गांव भौइच के मूल निवासी आकाश भारद्वाज पिछले कुछ वर्षों से अमरोहा के गजरौला की मानसरोवर कॉलोनी में रह रहे हैं। शुक्रवार सुबह वह घर से बिना किसी को बताए निकले थे। जब दोपहर तक वह वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला। लंबे समय तक संपर्क न होने पर परिवार ने गजरौला पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर उनके मोबाइल फोन की अंतिम लोकेशन ब्रजघाट इलाके में पाई। इसके बाद गजरौला और गढ़मुक्तेश्वर पुलिस परिवार के साथ मिलकर प्रोफेसर की व्यापक खोजबीन में जुट गई। तलाशी अभियान के दौरान शुक्रवार देर रात प्रोफेसर की बाइक गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गंगा घाट से सटे क्षेत्र में अकेली खड़ी मिली। मौके पर कोई अन्य सामान तो नहीं मिला, लेकिन प्रोफेसर का अब तक कोई पता नहीं चल सका है, जिससे मामले में रहस्य और गहरा गया है। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि प्रोफेसर की तलाश युद्ध स्तर पर जारी है। जल्द ही मामले का खुला. सा किया जाएगा।

## एक नजर

# किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने किशोरी को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में एसपी के आदेश पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फरार आरोपीयों की पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने का पुलिस दावा कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी के परिजनों ने हापुड़ एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उनकी बेटी दो सप्ताह से लापता थी। उनकी बेटी घर में बेसुध हालत में मिली। होश में आने पर परिजनों ने जब किशोरी से पूछताछ की तो किशोरी ने सारी आपबीती अपने परिजनों को बताई। परिजनों का आरोप है कि किशोरी को तीन लोगों ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसे घर में बंधक बनाया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किशोरी के परिजनों ने संबंधित मामले में एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई थी। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के आदेश पर पिलखुवा पुलिस ने संबंधित मामले में एक महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को पुलिस ने किशोरी को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी रहमत अली उर्फ हेमंत पुत्र शेख महमूद अली निवासी लम्बा बण्डा, गुड्डा, दुर्गा मंदिर के सामने थाना गुट्टा जिला मैडचल, हेदराबाद, देलंगाना हाल निवासी किरायेदार होशयारी देवी अस्पपाल के सामने वाला रोड, आशु का मकान थाना हापुड नगर, जनपद हापुड और नरेश गोयल पुत्र प्रकाश चन्द गोयल निवासी गाँधी रोड कृष्णगंज, पिलखुवा जनपद हापुड को दहपा पुलिया से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पुलिस फरार आरोपी विशाल और प्रज्ञा की तलाश कर रही है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने का पुलिस दावा कर रही है।

# चैकिंग के दौरान शातिर बदमाश गिरफ्त में, अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सघन चैकिंग के दौरान एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना हाफ़िजपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना के साथ संदिग्ध रूप से घूम रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए, बृजनाथपुर नहर की पटरी के पास से युवक को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान बिट्टू पुत्र रामस्वरुप, निवासी ग्राम शाब्दीपुर, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही कई संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि यह युवक लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय था और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी के संदर्भ में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई तेज़ी से की जा रही है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में अवैध हथियारों और अपराधियों पर पूरी तरह नकेल कसी जा सके।

# 15,000 के इनामी गैंगस्टर को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 15,000 रुपये के इनामी शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है। देहात प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया देहात पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार मसूद शेख उर्फ दानिश उर्फ चीटा उर्फ चीटा, पुत्र शकूर, निवासी मोहल्ला बेगमसराय, जन्नत निशा स्कूल के पास, थाना राइसत्ती, जनपद संभल को सुल्तानपुर रोड, हापुड़ से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ कई संगीन आपराधिक मामले पूर्व से दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह देकर दी भावपूर्ण विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया। इस दौरान एसपी द्वारा सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उपहार व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

एसपी ने अपने संबोधन में उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस सेवा में रहते हुए इन कर्मियों ने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव के साथ विभाग की गरिमा को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि विभाग को उनकी सेवाओं और अनुभवों पर सदैव गर्व रहेगा। इसके साथ ही एसपी ने सभी को अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके परिवार के उज्जवल संतुलित और खुशहाल जीवन की कामना की। समारोह के समापन पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने तालियों के साथ सम्मानपूर्वक अपने साथियों को विदाई दी। समारोह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए पल साझा किए, कई आंखें नम हुईं और तालियों के बीच सभी ने अपने साथियों को गौरवपूर्ण विदाई दी।




# विधायक ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दो दिवसीय खेल स्पर्धा के समापन पर मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने विजयी खिलाड़ियों को मैडल एवं पुरस्कार वितरित करके उत्साहवर्धन किया। जनपद की चारों विधानसभाओं के विजेता खिलाड़ी दिनांक 25, 26 एवं 27 दिसम्बर को मालीखेड़ा स्टेडियम में आयोजित होने वाली 'सांसद खेल स्पर्धा ' एवं तत्पश्चात जनस्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।



शनिवार को आयोजित खेलों में सब-जूनियर बालक वर्ग 55 किलो भारोत्तोलन में अनमोल कुमार प्रथम, जूनियर बालक वर्ग में अतुल प्रथम, 61 किलोग्राम सब जूनियर बालक वर्ग में मयंक नागर प्रथम, 81 किलो सीनियर बालक वर्ग में राहुल सैनी व 61 किलो में प्रणब प्रथम रहे। ऊंची कूद बालिका सब जूनियर में नीति प्रथम, सब जूनियर बालिका वर्ग में खुशी प्रथम, 45 किलो बालिका वर्ग कुश्ती में तानिया प्रथम रहे। इनके अतिरिक्त भी कई प्रतिस्पर्धाएं आयोजित हुईं। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, अंकुर प्रकाश, प्रदीप कुमार, डॉ.संजीव चौहान, चंद्रमणि शर्मा, मनीष कुमार त्यागी, देवेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, सुमित यादव, सुनील भाटी, गौरव शर्मा, वीरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, सुशील शर्मा, साक्षी तोमर इत्यादि उपस्थित रहे ।

# गैंगस्टर एक्ट में फरार बदमाश पर 20 हज़ार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे एक कुख्यात और शातिर बदमाश पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

थाना प्रभारी धीरज मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हापुड़ पुलिस द्वारा विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बहादुरगढ़ के गैंगस्टर एक्ट मामले में लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे आरोपी गौरव पुत्र ऋषिपाल, निवासी ग्राम नाईपुरा, थाना गजरौला जनपद अमरोहा की गिरफ्तारी हेतु यह पुरस्कार राशि घोषित की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक अपराधिक गिरोह से संबद्ध है और पूर्व में कई गंभीर मामलों में संलिप्त रह चुका है। उसकी तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है, परंतु आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील की है कि यदि किसी को भी इस अपराधी के बारे में कोई जानकारी मिले या वह कहीं दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले नागरिक का नाम और पता पूर्ण रूप से गोप. नीय रखा जाएगा। पुलिस का कहना है कि अपराधी चाहे कितना भी शातिर हो, कानून से ज्यादा समय तक नहीं बच सकता। जनता के सहयोग से उसकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना साझा करने की अपील की है ताकि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत बनी रहे।



# पूर्व राज्यमंत्री आकिल मुर्तजा ने दिए घर-घर फॉर्म सत्यापन के टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय बुलंदशहर रोड शनिवार को जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में हापुड़ एवं धौलाना विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंटों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हापुड़-मेरठ क्षेत्र के प्रभारी, पूर्व राज्यमंत्री, राष्ट्रीय सचिव आकिल मुर्तजा उपस्थित रहे।




क्षेत्र प्रभारी आकिल मुर्तजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एसआईआर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीम बनाकर पूरी गति से जुटने का आहवान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही जनता तक पहुँचने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने घर-घर जाकर फॉर्म जमा करने का सत्यापन छोटे-छोटे टास्क में विभाजित कर टीम वर्क के साथ पूरा करने की रणनीति साझा की, साथ ही हर घर के फॉर्म जमा होने की सटीक जानकारी एकत्र करने के व्यावहारिक टिप्स भी दिए। जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने बैठक में कहा कि हापुड़ एवं धौलाना विधानसभा में एसआईआर का कार्यक्रम तेजी से चल रहा है, और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जानकारी एवं क्षमता अनुसार पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 90प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और बूथ स्तर पर संगठन लगातार सक्रिय है। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र प्रभारी आकिल मुर्तजा का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और संगठनात्मक मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। इस दौरान एडवोकेट ललित, आदेश, अख्तर, राजेश यादव, आसमोहमद, रवि सोम, एड. पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने रामपुर में सरकारी विभागों का किया निरीक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महिला चिकित्सालय एवं वन स्टॉप सेंटर औचक रूप से पहुँचकर निरीक्षण किया। जिला महिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान नवजात बच्चों के माता–पिता से मुलाकात कर उनका हाल–चाल जाना तथा नवजात बालिकाओं को बेबी किट एवं कपड़े प्रदान किए।

उन्होंने ए.एन.सी. कक्ष, ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, एस.एन.सी.यू. कक्ष तथा इमरजेंसी कक्षों का गहनता से मुआयना किया। उन्होंने अस्पताल में डॉक्टरों एवं स्टाफ की उपस्थिति, सेवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं के संबंध में सीएमएस डॉ. अनवर सादात से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी मरीज या तीमारदार को अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना न करना पड़े तथा अस्पताल कर्मी मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखें और उनसे मधुर संबंध बनाए रखें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में रखे अग्निशमन यंत्रों की स्थिति एवं उनकी एक्सपायरी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तत्पश्चात उन्होंने वन स्टॉप सेंटर पहुँचकर मिशन शक्ति फेज–5 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नवजात बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हुई हैं और कुपोषण के मामलों में लगातार कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं निराश्रित महिलाओं के उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनसे महिलाओं को सशक्त बनाने में योगदान प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति पूर्णत: कटिबद्ध है।

इस दौरान उन्होंने वन स्टॉप सेंटर में सहायता प्राप्त करने वाली पीड़ित महिलाओं की कानूनी सहायता व्यवस्था की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को प्रभावी एवं संवेदनशील सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मा. राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चांद बी उपस्थित रहीं।

# आजमवादी आसिम खां का आजम खां के प्रति छलका दर्द



आसिम खां आज़मवादी



**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को सपा नेता आसिम खघन ने अपने बयान में कहा की राजस्थान निवासी अशोक और विकास नाम के दो नौजवानों को एनआईए अदालत ने देश से गद्दारी करने व देश को आंतरिक क्षति पहुंच.ाने कमजोर करने की बद नियत से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के जुर्म के बदले 5 साल 11 महीने की सजा का एलान किया है।

दूसरी तरफ 50 बरस पहले के नौजवान और आज के 76 साल के बुजुर्ग मुहम्मद आजम खघन और 36 साल के उनके नौजवान बेटे अब्दुल्लाह आजम खघन को दो पैन कार्ड रखने के जुर्म में सात–सात साल की सजा सुनाई गई है। कितना अंतर है दोनों के जीवन में और चरित्र में आजम खघन का सारा जीवन राष्ट्र की सेवा और उसकी तरक्की खुशहाली और तामीर में गुजरा दो बार के सांसद चार बार के कैबिनेट मंत्री 10 बार के एम.एल.ए. उनकी पत्नी एम.पी. रहीं एम एल ए रहीं। पुत्र दो बार विधायक बने, आजम खघन ने देश को अशिक्षा के अंधकार से निकालने के मिशन को सफल बनाने के लिए देश की मौजूदा और आने वाली नस्लों के भविष्य को उज्जवल बनाने के तई जौहर विश्व. विद्यालय की स्थापना कर देश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सारा जीवन जनता की भलाई और बेहतरी के काम किए रोटी कपड़ा और मकान, पक्की सड़कें बिजली पानी दवा और शिक्षा का बिना भेद भाव के इंतेजाम किया सभी धर्मो का आदर और सम्मान किया। जिसने अपना सारा जीवन देश को समर्पित कर दिया, जिसे भारत रत्न मिलना चाहिए था उसे मुल्क से मुहब्बत और वफादारी के बदले में मिली सैकड़ों मुकदमों की सौगात और जेल की काल कोठरी, दुनियां भर की रुसवाईयां जिल्लत बदनामियां शारीरिक और मानसिक असहनीय पीड़ा और अपमान के सिवा कुछ नहीं मिला। एक तरफ वो लोग हैं जो राष्ट्र को तोड़ना चाहते हैं उनकी सजा में नरमी, दूसरी तरफ आजम खघन और उनका परिवार है जिसने राष्ट्र को जोड़ने सजाने संवारने में अपना सब कुछ निसार कर दिया उनकी सजा में सख्ती ये दोहरे उसूल और फैसले मन को आहत करते हैं आत्मा पर चोट करते हैं दिलों को ठेस पहुंचाने का काम करते हैं, न्याय दाताओं और न्यायिक व्यवस्था से हमारी मांग है गुजारिश है आजम खघन साहब और उनके परिवार के त्याग और बलिदान को मद्दे नजर रखते हुए उनके साथ नरमी का बर्ताव किया जाए।

साथ ही उनकी उम्र गिरती सेहत बीमारी और सर्द मौसम को देखते हुए उन्हे जमानत पर जल्द से जल्द रिहा किया जाए।

# सैफनी थाने की महिला आरक्षित महिला पूजा को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के साथ पुलिस पुलिस कार्यालय पर पुलिस कर्मियों की बीट बुक बीट संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा बीट अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में नियमित गश्त निगरानी अपराध नियंत्रण महिलाओं को जागरूक करने एवं जनसंपर्क बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उत्तम बीट से संबंधित पूर्ण एवं अद्यतन जानकारी रखने के लिए महिला आरक्षी पूजा थाना सैफनी को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया यह सम्मान पुलिस कर्मियों के श्रेष्ठ



कार्य लग्न बीट प्रबंधन उनकी दक्षता को प्रतिबिंबित करता है।

# फैक्ट्री से काम करके लौट रहे युवक की बाइक से डंपर से भिड़ी, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर निवासी युवक की वाइक की नो एन्ट्री मे खड़े डंपर से भिड़ंत हो गई जिसमे युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनकर मोहल्ले के लोगो मे हड़कंप मच गया भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई ओर डंपर को अपने कब्जे मे ले लिया। काशीपुर फैक्ट्री से मजदूरी करके बाइक से लौट रहे मजदूर की बाइक डंपर में जाकर घुस गई जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई। ग्रामीणों ने डंपर को पकड़कर काफी देर तक हंगामा किया पुलिस ने किसी तरह हंगामा को शांत किया। डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे चाउपुरा निवासी राहुल पुत्र छत्रपाल काशीपुर की एक फैक्ट्री से मजदूरी करके अपने घर बाइक से लौट रहा था की रहमतगंज के निकट मंसूरपुर मोड पर उसकी बाइक खड़े डंपर से टकरा गई। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल होगया यहा आपको बता दे कि दिन के समय में मसवासी काशीपुर मार्ग पर रात्रि 8 बजे तक नो एंट्री रहती है जिसके तहत भारी वाहन रहमतगंज से लेकर खुशहालपुर तिराहे तक नो एंट्री खुलने के इंतजार में वन साइड पर खड़े रहते हैं। इस दौरान एक साइड पर ही दोनों साइड के बहन गुजरते हैं जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है किसी वाहन से बचाने के प्रयास मे युवक की वाइक खड़े डंपर मे घुस गई जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया हादसा



मृतक का फाइल फोटो

होते ही मार्ग पर अफरा तफरी मच गई काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और भीड़ ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रही भीड़ को शांत किया और डंपर को



अपने कब्जे में लेकर मानपुर तिराहा चेक पोस्ट पर खड़ा कर दिया है घायल बाइक सवार को स्वार अस्पताल भेजा गया लेकिन युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते मे दम तोड़ दिया युवक की मौत से परीवार मे कोहराम मच गया परिजनो का रो–रोकर कर बुरा हाल है।

# राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ ने मेडिकल कैम्प और एजुकेशनल काउंसिलिंग का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को कोयला ग्राम, रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप–सह–एजुकेशनल काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ, जिसका उद्घाटन चमरौआ प्रभारी डॉ रोली गुप्ता ( स्त्री रोग विशेषज्ञ)द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें न केवल मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, बल्कि जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयों और चश्मों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर 500 से अधिक लोगों का सफल इलाज एवं स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग की गई। कैंप में जिला अस्पताल के अनुभवी एवं कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा नेत्र रोग, बाल रोग, स्त्री रोग एवं सामान्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं, साथ ही शुगर व बीपी की नि:शुल्क जांच भी की गई।

कार्यक्रम की एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि 70 वर्ष तक के लाभार्थियों के लिए नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड निर्माण रही, जिसमें राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ की निर्णायक भूमिका



रही। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा एव स्कूल प्रधानाचार्य अनिता प्रकाश पाल भी उपस्थित रही महिलाओं एवं किशो. रियों के लिए विशेष काउंसलिंग की व्यवस्था की गई, जहां उन्हें विभिन्न समस्याओं के समाधान संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को ज्ञानपुर सुखदेव क्लासेस के निदेशक सुखदेव मिश्रा एवं अनु मिश्रा द्वारा कक्षा 12 के बाद की कैरियर संभावनाओं एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष कंचन सक्सेना, संचालक जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सारिका रस्तोगी की प्रमुख भूमिका रही, वहीं संपूर्ण व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में सुनीता भटनागर, संगीता अग्रवाल, गीता अरोड़ा, वेद आहूजा सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के व्यापक प्रसारण में जिला मीडिया प्रभारी अनु मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पत्रकार गुलशाद अली की पूजनीय माता का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के समाचार पत्र के सम्मानित संवाददाता गुलशाद अली की पूजनीय माताजी का आकस्मिक निधन हो गया है। उन्होंने शुक्रवार की रात करीब 2 बजे अपने सैफनी स्थित आवास पर अंतिम साँस ली। वह लगभग 60 वर्ष की थीं और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। दिवंगत माताजी अपने पीछे एक भरा–पूरा परिवार छोड़ गई हैं, जिसमें उनके सुपुत्र पत्रकार गुलशाद अली, पुत्रवधू, और नाती–पोते शामिल हैं। उनके निधन की खबर से पूरे नगर और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। माताजी के निधन पर नगर के कई गणमान्य व्यक्तियों, राजनी. तिक हस्तियों और पत्रकारों ने उनके आवास पर पहुंचकर गुलशाद अली को सांत्वना दी। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# नमाज पढ़ कर लौट रहे तीन लोगों पर जानलेवा हमला

**■ पुलिस पर गंभीर आरोप! 'मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को छोड़ा,' जिसके बाद हमलावरों ने दी जान से मारने की धमकी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के गांव छितौनी में शुक्रवार की दोपहर नमाज पढ़कर घर लौट रहे तीन लोगों पर पुराने विवाद के चलते जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने इस दौरान तमंचे लहराए और धारदार हथियारों से वार किया, जिससे असलम, अनस और रईस बुरी तरह घायल हो गए।।घ्सबसे गंभीर बात यह है कि पीड़ित असलम पुत्र चुन्ना ने सीधे तौर पर सैफनी थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि पुलिस ने पहले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था, लेकिन रात में ही आलमगीर और उसके पुत्र को पकड़कर भी छोड़ दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस द्वारा छोड़े जाने के बाद आरो. पियों ने उनके घर के सामने आकर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

छितौनी निवासी असलम पुत्र चुन्ना ने बताया कि वह दोपहर करीब 2 बजे गांव की जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। नमाज पढ़ने के बाद वह अपने बेटे अनस और रिश्तेदार रईस के साथ घर लौट रहे थे। रास्ते में उनका सामना आलमगीर पुत्र अल्लानूर, आशू उर्फ उवैद, चिन्टू उर्फ उमैर और फाईम पुत्र आलमगीर से हुआ। घ्असलम के अनुसार, इन लोगों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। आरोपियों में से चिन्टू के हाथ में तमंचा था और अन्य लोगों के हाथ में लाठी–डंडे तथा धारदार हथियार थे। उन्होंने पीड़ितों को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर गांव के कई लोग मौके पर आ गए। इसी बीच, हमलावरों ने धारदार हथियार से रईस पर और बाकी लोगों पर भी वार कर दिया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घ्घायल असलम ने सैफनी थाना प्रभारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस ने आरोपियों आलमगीर और उसके पुत्र को पहले पकड़ा, उनके खिलाफ मुकदमा भी लिख लिया, लेकिन रात में उन्हें क्यों छोड़ दिया गया? घ्असलम का आरा. ेप है कि पुलिस द्वारा छोड़े जाने के बाद आरोपी गाली–गलौज करते हुए उनके घर के दरवाजे से गुजरे और उन्हें जान से मारने की धमकी देते रहे। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान आलमगीर पुत्र द्वारा तमंचे लहराते हुए फोटो भी खींची गई थी, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसके बावजूद, पीड़ित का कहना है कि सैफनी पुलिस की अभी तक ष्नींद नहीं खुली हैष् और आरो. पियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। घ्पीड़ित असलम ने बताया कि पुलिस प्रशासन की इस ढिलाई के चलते वह दरसअल में भयभीत है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक रामपुर से करेंगे और न्याय की मांग करेंगे।

# संस्थान द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई गई पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान ने टारगेट क्लासेस एंड कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट मुरसैना पर शिक्षा के जनक, राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी की 135 वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन किया। जिसमें टारगेट क्लासेस एंड कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर राजीव अंबेडकर बताया कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, महिलाओं की दशा को सुधारने के लिए स्कूल खोलने और उन्हें शिक्षित किए जाने हेतु सदैव समर्पित रहे। नारी शिक्षा एवं वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले ने आजीवन संघर्ष किया और एक आदर्श समाज की स्थापना के



लिए एक नए युग की शुरुआत की। उनका जीवन मानवता, न्याय और समान अधिकारों की भावना का एक प्रेरक प्रतीक है। महात्मा ज्योतिबा फुले ऐसे प्रथम महान समाज सुधारक थे जिन्होंने यह समझ लिया था कि समाज की हर बुराई की जड़ अज्ञानता है। उसी अज्ञानता ने जातिवाद, ऊँच–नीच, भेदभाव, पितृसत्ता और अंधविश्वास को मजबूत किया था। उन्होंने शिक्षा को "मुक्ति का सबसे शक्तिशाली हथियार" माना और समाज के लिए शिक्षा को अधिकार बनाया फुले पहले व्यक्ति थे जिन्होंने महिलाओं, बहुजनों, शोषितों, वंचितों और पिछड़े समाज के लिए शिक्षा के द्वार खोले। उन्होंने भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला। विधवाओं और दलितों के लिए विद्यालय और आश्रय गृह बनाए। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के सभी छात्र–छात्राएं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के प्रशिक्षक दीपक सर, मंदीप गौतम, शाहीन, महरीन, कु. अनु, अरीना बी, इकरा बी, आयशा परवीन, धर्मेंद्र सिंह, धीरेन्द्र कुमार, विकास सागर आदि मौजूद रहे।

# स्वार के पूर्व सभासद अनीस अहमद का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शुक्रवार बीमारी के चलते पूर्व सभासद अनीस अहमद निधन हो गया।मोहल्ला अगलगा निवासी पूर्व सभासद अनीस अहमद स्वार नगर पालिका बोर्ड में दो बार चुन कर आये उन्होंने समाज सेवा की और जनता के काम किये। बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर उनके आवास पर मिलने वाले लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी।इस दौरान सभासद हाजी असलम टीपू,शमशाद



पाशा,इरफान हुसैन, डॉ बाकर अली, उस्मान सैफी, आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान नेता ने स्टैट बैंक के मैनेजर पर लगाया मनमानी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गांव गुलड़ पीलसाना के भारतीय किसान यूनियन के जिला सलाहकार सलामत जान ने स्वार एसबीआई बैंक शाखा प्रबंधक पर मनमानी करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शाखा प्रबंधक मनमानी कर किसानों को परेशान कर रहे हैं। दोपहर तीन बजे ही बैंक का गेट बंद करवा दिया जाता है, जबकि अंदर कर्मचारी मौजूद रहते हैं। इससे किसानों सहित आम उपभोक्ताओं



को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सलामत जान ने आरोप लगाया कि शाखा प्रबंधक खुलेआम रिश्वत की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक फाइल से संबंधित कार्य के लिए जब उन्होंने शाखा प्रबंधक से बात की तो उन्होंने सीधे कुछ प्रतिशत की मांग की। भाकियू जिला सलाहकार सलामत जान ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, तो संगठन द्वारा बैंक प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# एस.आई.आर पर कुछ डिफीटेड डपोरशंख बिना परिश्रम परीक्षा में पास होने के पाखंड में जुटे हैं: नकवी

## पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी ने अपना एस.आई.आर फार्म भरकर बीएलओ को सौंपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मतदाता सूची एस.आई.आर पर कुछ षडिफीटेड डपोरशंखष बिना परिश्रम परीक्षा मे पास होने के पाखंड में जुटे हैं, इनकी स्थिति उस परीक्षार्थी जैसी है जो बिना पढ़े प्रमोशन, बिना लिखे प्रमाण पत्र चाहता है और यदि फेल होगा तो ष्पेपर आउट ऑफ कोर्सष कहकर अपने नकारेपन और नाकामी का ठीकरा पेपर और परीक्षक पर फोड़ेगा। आज शंकरपुर, रामपुर में एस.आई.आर के तहत अपना मतदाता शुद्धिकरण फॉर्म बी.एल.ओ को सौंपने के दौरान पत्रकारों से बात. चीत में नकवी ने कहा कि ऐसे डपोरशंखों को बी.ए, बी. कॉम, बी. एस.सी के बजाय, ष्बी.डी-बैचलर ऑफ डिफीटष की डिग्री मिलती है। जिसे टांग कर डायनेस्टी के डिफॉल्टर डपोरशंख (परिवारतंत्र के पराजित पराक्रमी) डिस्ट्रिक्टिव डिंग बाजी (हार की हताशा में हुड़दंगी तमाशे) में जुट जाते है, और ष्नाच न आए आंगन टेढ़ाष की कहावत चरितार्थ करते फिरते हैं। नकवी ने कहा कि बिहार चुनाव में एस.आई.आर और वोट चोरी की काल्पनिक कहानी पर षविदेशी मॉडल की एंट्रीष भी सरकार में इनकी नो एंट्री, का दौर खत्म नहीं कर पाई। फिर भी जनतंत्र को परिवार तंत्र का बंधक बनाने के जुगाड़ में जुटे सामन्ती सूरमां, भय-भ्रम के भंवरजाल के जरिए बिना जनाधार के जागीरदारी की जंग में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि एस.आई.आर पर काल्पनिक कन्फ्यूजन की कॉन्सपिरेसी बिहार चुनाव में बुरी तरह पिट चुकी है-परास्त हो चुकी है, फिर भी कांग्रेस एंड कम्पनी पिटी पटकथा पर पाखण्डी प्रयोग में डटे हैं। एस.आई.आर निरंतर चलने वाली संवैधानिक, लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जिसके जरिए वैद्य वोटर की सुरक्षा, अवैध वोटर की समीक्षा-सफाई की जाती है। कुछ राजनीतिक दल इस संवैधानिक प्रक्रिया पर सांप्रदायिक प्रतिक्रिया के जरिए भटकाने, भरमाने, डराने, धमकाने की आपराधिक अराजकता में लगे हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि ष्आधुनिक शिक्षा के संस्थान (कैंपस) में आतंकवादी दीक्षा के संस्कार (कोर्स)ष की कुछ गिनी चुनी घटनाओं के आधार पर अन्य शिक्षण संस्थानों पर शक करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और टेररिज्म की जुर्म की जुगलबंदी शिक्षा और शिक्षण संस्थानों के लिए चिंता और चुनौती की बात है। ऐसी किसी भी साजिश से शिक्षण संस्थानों को सचेत और सावधान रहना उनका नैतिक कर्तव्य है। ष्वाइट कालर टेरर टायकूनों की टकसालें और सफेदपोश साजिशी सिन्डीकेटष शान्ति, सौहार्द और सुरक्षा के खिलाफ नया रौद्र रंग-रूप है। नकवी ने आगाह करते हुए कहा कि ऐसी किसी आतंकी-आपराधिक करतूत पर सां. प्रदायिक सुरक्षा कवच किसी भी मुल्क-मजहब के हित में नहीं है। भारत की सुरक्षा, सम्प्रभुता और सौहार्द सुनिश्चित करना हर भारतीय का राष्ट्रीय धर्म है। उन्होंने पिछले दिनों कुछ शिक्षण संस्थानों से आतंकवादी गतिविधियों की रिपोर्ट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ष्तालीम की इमारत में तबाही की इबारतष लिखने वाले ष्साजिशी संक्रमणष से सावधान रहना चाहिए। हमारे शिक्षण संस्थानों के राष्ट्रवादी आंगन को आतंकवादी अखाड़ा बनाने की कोई भी राष्ट्र विरोधी हरकत सफल नहीं होगी। आधुनिक तकनीक की ताकत को आतंकवादी तबाही की आफत बनाने वाले जल्लादी जुर्म-जुल्म के जालिमों को जमींदोज करना मानवता और मुल्क को सुरक्षित और सशक्त रखने के लिए जरूरी है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर करारा हमला करते हुए कहा कि जिस देश के लिए आतंकवाद उसकी राष्ट्रीय सम्पत्ति और आतंकवादी उसकी राष्ट्रीय सम्पदा बन गयी हो, वह देश आतंकवाद की सुरक्षा- संरक्षण, संवर्धन को अपना राष्ट्रीय उद्योग मान कर बैठा है। उन्होंने कहा कि ष्मेड इन इस्लामाबाद दहशतगर्द दरिन्दे इंसानियत-इस्लाम के वसूल और इस्लामाबाद के वजूद के दुश्मन हैं।ष आतंकवाद किसी एक मुल्क, मजहब की नहीं सम्पूर्ण मानवता की मुसीबत है, दहशतगर्द दरिंदों और उसके दाताओं, आकाओं का नेस्तनाबूद होना विश्व की प्राथमिकता है। आतंकवाद पर किसी भी तरह का दोहरा मापदंड ठीक नहीं है। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पनवड़िया स्थित निर्माणाधीन सद्भावना मंडप का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कार्य दाई संस्था एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ किया। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी मुज्तबा आब्दी के निधन पर उनके घर जाकर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। और कब्रिस्तान में उनकी कब्र पर जाकर फातिहा पढ़कर खिराजे अकीदत पेश की।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत ख्यालीराम लोधी, मोहनलाल सैनी, अशोक बिश्नोई, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, टेक चंद्र गंगवार, विवेक पांडे, दिलीप अरोड़ा, कृष्ण लाल चंद्रा, लक्ष्मीकांत सैनी, मिथलेश सिंह, सुभाष पांडे, नरेंद्र ठाकुर, महेश चंद्रवंशी, शाइन अंसारी, सोनू लोधी, अजय सैनी, प्रदीप गुप्ता, अर्जुन रस्तोगी, संजय चौधरी, मिसाल मेहंदी, रजा आब्दी, तबरेज, ओमप्रकाश लोधी, सैयद मुर्तजा अली, संजय चंद्रा, चंद्रपाल आदि उपस्थित रहे।

## पीएमश्री राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में महिला सशक्तीकरण पर छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन



- राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने छात्राओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का किया आह्वान
- मोबाइल फोन से दूरी बनाकर किताबों से दोस्ती करना ही सफलता की कुंजी: डा. बबीता सिंह चौहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने पीएमश्री राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया और छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और भविष्य निर्माण पर विस्तार से चर्चा की तथा महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, परंतु इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब महिलाएं और छात्राएं पूरी तरह जागरूक होंगी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि उनका भविष्य उनकी मुट्ठी में है इसलिए मोबाइल फोन से दूरी बनाकर किताबों से दोस्ती करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी जाकर ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन करें क्योंकि जो ज्ञान आज प्राप्त होगा, वही आने वाले जीवन में मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बताया कि बेटियां दो घरों को रौशन करती हैं और उनकी कलम और इच्छाशक्ति उनके भाग्य को बदल सकती है। अच्छे संस्कार और संस्कृति को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं के बाद छात्राओं के लिए हर क्षेत्र में शिक्षा के अवसर उपलब्ध होते हैं, इसलिए प्रत्येक बालिका को अपना लक्ष्य और विजन स्पष्ट करते हुए आगे की शिक्षा अवश्य जारी रखनी चाहिए। आज समय बदल रहा है और महिला सुरक्षा एवं संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि "ऑपरेशन सिंदूर" में भी बेटियों ने सक्रिय भूमिका निभाकर अपनी क्षमता और साहस को सिद्ध किया है। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि कई बार 12वीं कक्षा के बाद कुछ छात्राएं पारिवारिक कारणों से आगे पढ़ाई जारी नहीं रख पाती हैं। ऐसे मामलों में विद्यालय प्रशासन को अभिभावकों के साथ काउंसिलिंग कर छात्राओं की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने मिशन शक्ति की हेल्पलाइन सहित सुरक्षा सेवाओं और सहायता स्रोतों के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी तथा प्रधानाचार्य शिवशंकर उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के ब्लॉक स्तरीय खेलों का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** शनिवार को न्याय पंचायत बादली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कारखेड़ा में दिव्यांग बच्चों के ब्लॉक स्तरीय खेलों का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ) जनपद रामपुर ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें 50 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा के आर्यन प्रथम व प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा के यूवी द्वितीय रहे। नींबू दौड़ में बालक वर्ग में मोनिश प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा प्रथम तथा आर्यन उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा द्वितीय रहे। बालिका वर्ग नींबू दौड़ में मानू उच्च प्राथमिक विद्यालय बादली प्रथम व उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा की सना द्वितीय रही। कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में आर्यन उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा और बालिका वर्ग में चंचल उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा प्रथम रहे। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, हिमदीप सिंह, नोडल शिक्षक सुनील कुमार, एडीओ समाज कल्याण विकास कुमार, नरेश कुमार, मौ. रजा, कृष्णपाल सिंह,नईम खान, अर्जुन सिंह,योगेश कुमा,विपिन कुमार,महेश कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि डॉ. राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद रामपुर द्वारा मैडल पहनाकर और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के मैडल और पुरस्कार पाकर चेहरे खिल गए। आयोजक नरेंद्र कुमार यादव, मनोज कुमार और कपिल रहे।

## भाकियू के तत्वावधान में किसान समीक्षा बैठक एवं प्रदेश सचिव का स्वागत कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में क्षेत्र के ग्राम शहपुरा में किसान समीक्षा बैठक एवं प्रदेश सचिव (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के स्वागत समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) सरदार मनजीत सिंह अटवाल ने अपने काफिले के साथ शिरकत की। किसानों ने अपने प्रदेश सचिव का ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा और जोरदार जयकारों के साथ उत्साहपूर्ण स्वागत किया। पंचायत की अध्यक्षता हाजी अल्लाहु तथा संचालन साबिर अली किया। मुख्य अतिथि सरदार मनजीत सिंह अटवाल ने किसानों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन पदाधिकारियों के मार्गदर्शन के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की मेहनत और विश्वास से ही चलता है।

उन्होंने धान खरीद को लेकर चिंता जताई क्योंकि जिले में कालाबाजारी चल रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया जल्द धान की कालाबाजारी रोकने के लिए भाकियू धरना प्रदर्शन करेगी और एक प्रतिनिधि मंडल डीएम से मुलाकात करेगा।

इस अवसर पर उन्होंने करीब एक दर्जन युवाओं को सदस्यता ग्रहण करायी तथा जिला रामपुर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रोग्राम के बाद अटवाल को किसानों ने टांडा धान खरीद का दुख सुनाया। जिसको सुनते ही अटवाल अपने काफिले के साथ मंडी के लिए रवाना हुए,जैसे ही मंडी परिसर में पहुंचे वहां अफरा तफरी सी मच गई। क्योंकि केंद्र प्रभारी एसएमआई आदि वहां पर मौजूद नही थे। अटवाल ने कॉल कर डिप्टी आरएमओ को शिकायत की और सारी जानकारी दी। डिप्टी ने आश्वस्त किया कि किसानों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव मनजीत सिंह अटवाल, जिला सचिव साबिर अली,युवा नगर अध्यक्ष फरीद खान (टांडा) मजहर लाला नगर अध्यक्ष टाण्डा,वारिस चौधरी, हसीन खां, लखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, गुरमुख सिंह ,इमरान अंसारी, बलजीत सिंह, गुरप्रीत अटवाल, इंतजार, रफीक, हसीब, फरजंद, अलीम, लियाकत, नजाकत, मसरूफ, फुरकान, हसीब और जसवंत आदि उपस्थित रहे।

## टांडा से मुरादाबाद तक ई-बस सेवा दोबारा शुरू कराने की मांग को पालिकाध्यक्ष ने सौंपा पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा/रामपुर।** टांडा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष साहिबा सरफराज ने मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त को सौंपकर टांडाख्रमुरादाबाद ई-बस सेवा को पूर्व की भांति पुन: संचालित कराने की मांग की है। पत्र के अनुसार गत वर्ष मंडलायुक्त के आदेश पर टांडा से मुरादाबाद और मुरादाबाद से टांडा तक इलेक्ट्रॉनिक ई-बसों का संचालन शुरू किया गया था, जिससे आम जनता को बेहद राहत मिली थी और यात्री सुविधा में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला था। नगर की जनता, व्यापारी वर्ग तथा आम यात्रियों द्वारा अध्यक्ष के कार्यालय एवं आवास पर लगातार यह शिकायत की जा रही है कि हाल ही में ई-बसों का संचालन बंद कर दिया गया है।

जिससे रोजाना मुरादाबाद आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कष्तों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि टांडा नगर का लगभग 25 प्रतिशत तबका तथा क्षेत्र का अधिकांश जनसमूह रोजगार, व्यापार और आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिदिन मुरादाबाद जाता है।

इसके साथ ही बेहतर चिकित्सा सुविधाओं हेतु हायर सेंटर भी मुरादाबाद में होने के कारण बड़ी संख्या में नागरिक प्रतिदिन वहाँ का रुख करते हैं। ई-बस सेवा बंद होने से यात्रियों में निराशा व्याप्त है। अध्यक्ष साहिबा सरफराज ने मंडलायुक्त से आग्रह किया है कि जनहित को देखते हुए ई-बसों का संचालन पूर्व की भांति सुचारू रूप से पुन: शुरू कराया जाए।

## राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ ने मेडिकल कैम्प और एजुकेशनल काउंसिलिंग का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोट (रामपुर) में शनिवार को नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों का स्वागत करते हुए उनके भीतर उत्साह, आत्मविश्वास और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इम्पैक्ट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुलतान जौहर सैफी रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. कौशल कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

विशिष्ट अतिथियों में एम.डी. सरताज अहमद तथा प्रिंसिपल प्रो. आसिम अहमद व उस्मान सैफी शामिल रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न संस्कृतिक और गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुतियों का सुंदर आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने नृत्य, गायन, नाटक और फैशन वॉक जैसे कार्यक्रमों से सभी अतिथियों और उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मिस फ्रेशर का खिताब बेबी उरूज (B.Sc. Agriculture] 1st Semester) को प्रदान किया गया, जबकि मिस्टर फ्रेशर के रूप में अहमद रजा (B.A.1st Semester) चुने गए। दोनों विजेता छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इसके बाद सभी सेमेस्टर के टॉपर्स को मेडल और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। अच्छी परफॉरमेंस देने वाले फैकल्टी मेंबर्स को भी पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज के सभी फैकल्टी मेंबर्स, शिक्षकगण, नॉन-टीचिंग स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने उल्लासपूर्ण माहौल में फ्रेशर पार्टी का आनंद लिया। इम्पैक्ट कॉलेज हमेशा की तरह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक परंपराओं और सकारात्मक सीखने के वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जंगल में मिले प्रतिबंधित पशु के अवशेष, ग्रामीणों और बजरंग दल में आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के मड़ैया गोड के जंगल में शनिवार को प्रतिबंधित पशु (गाय के बछड़े) के अवशेष मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने अवशेष देखने के बाद इसकी सूचना बजरंग दल के पदाधिकारियों को दी, जिसके बाद मामला गरमा गया। ग्रामीणों ने जंगल में कुंडे के पास अवशेष देखे, जिसकी सूचना बजरंग दल शाहबाद के प्रखंड अध्यक्ष शोभित गुप्ता को दी गई।

शोभित गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए इसकी जानकारी थाना प्रभारी अजय मिश्रा को लगभग दिन के 12:30 बजे दी। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद भी पुलिस मौके पर तुरंत नहीं पहुंची। लगभग तीन से चार घंटे की देरी के बाद थाना प्रभारी अजय मिश्रा अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस की इस देरी को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखा गया मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने प्रतिबंधित पशु के अवशेष (गाय के बछड़े के अवशेष) को कब्जे में लिया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। उन्होंने ग्रामीणों और मौजूद कार्यकर्ताओं को कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया।घटना की जानकारी मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता ध्रुव, प्रशांत, अभय, विकास मुल्तानी आदि साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, गांव में एक शादी समारोह भी था।

जिसने घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना दिया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सैफनी पुलिस के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## महिला व उसकी बेटियों के साथ मोहल्ले के ही दो लोगों ने की मारपीट महिला ने चौकी पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मोहल्ले के के दो लोगो ने बिना वजह घर मे घुस कर महिला व उसकी बेटियो की साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया। महिला ने मारपीट कर,ने की दो लोगो के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर दी है मोहल्ला चाऊपुरा निवासी पुष्पा रानी ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि प्रकाश व अरविंद ने उसके घर घुसकर बिना वजह उसे व उसके बच्चो को गन्दी गन्दी गालिया देने लगे।

जब उसने इन लोगो से गाली गलौज कर,ने को मना किया तब यह लोग मारपीट पर आमादा हो गये इन लोगो ने महिला सहित उसकी बेटी शिखा प्रयान्शी गुन्जन को लात घूसो से मारपीट कर चोटिल कर दिया उसके गुम चोटे लगी है। महिला व उसकी बेटियो को बचाने जब महिला का देवर महेश आया तब इन लोगो ने उसके साथ भी मारपीट की इसकी शिकायत पुष्पा रानी पत्नी अजीत सिंह ने चौकी पुलिस कर कार्रवाई की मांग की है।

## एटीएम कक्ष में कूड़ा कचरा पड़ा होने से ग्राहक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के काशीपुर मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम कक्ष में गंदगी की भरमार होने से ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन सफाई की ओर किसी का ध्यान नहीं है। बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम कक्ष में गंदगी की भरमार है पर्चियां व अन्य वस्तुएं बिखरी पड़ी है सफाई को लेकर बैंक का कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी गंभीर नहीं है। जिससे बैंक के ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बैंक के ग्राहकों ने बैंक प्रशासन से एटीएम कक्ष में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## लिन्टर उठाने आए मिस्त्री के साथ की मारपीट, चौकी में दी तहरीर

**( मो. फारूख अंसारी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** लिन्टर उठाने आये मिस्त्री के साथ पड़ोसी ने लिन्टर उठाने वाले मित्री व उसके ससूर के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की और जाती सूचक शब्द कहे पीड़ित ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस से की है।

सतीश पुत्र विजय सिंह निवासी सैफनी मोहल्ला चाऊपुरा निवासी अजीत सिंह व हर प्रसाद का लिन्टर उठाने का ठेका कर उठा रहा था कि तभी चाऊपुरा निवासी प्रकाश चन्द्र अरविंद व प्रीतम आये ओर लिन्टर उठाने को लेकर गन्दी गन्दी गालिया देने लगे मिस्त्री ने जब गाली देने का विरोध किया तब इन लोगो ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी।

जब पीड़ित का ससुर सुरेश बीच बचाव आया तब इन लोगो ने उनके साथ भी मारपीट की और जाती सूचक शब्दो का प्रयोग किया सतीश ने तीनो लोगो के खिलाफ गाली-गलौच कर मारपीट करने व जाती सूचक शब्दो का प्रयोग करने की शिकायत चौकी पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## एसआईआर मुद्दे पर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी की बैठक, कार्यकर्ताओं को जन जागरूकता का निर्देश



एसआईआर को लेकर जनता किसी भ्रम में न रहें, उन्होंने टांडा के लोगों से कहा कि यदि किसी को किसी प्रकार की दिक्कत आए तो पार्टी के स्थानीय जिम्मेदारानख्रएम. सगीर, तस्लीम पहलवान, मोहम्मद फारुक आदि से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टाण्डा/रामपुर।** शुक्रवार को समा. जवादी पार्टी रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने टांडा में एसआईआर मामले को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर के सभासद एम. सगीर के आवास पर आयोजित की।

सांसद ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि घर-घर जाकर जनता को एसआईआर के बारे में जागरूक करें और फॉर्म भरवाकर बूथ स्तर अधिकारी बीएलओ के माध्यम से जमा करवाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर को लेकर जनता किसी भ्रम में न रहें, उन्होंने टांडा के लोगों से कहा कि यदि किसी को किसी प्रकार की दिक्कत आए तो पार्टी के स्थानीय जिम्मेदारानख्रएम. सगीर, तस्लीम पहलवान, मोहम्मद फारुक आदि से संपर्क करें। कार्यकर्ता हर संभव सहायता के लिए तैयार रहेंगे।

अंत में सभासद एम. सगीर ने सांसद मोहिबुल्लाह नदवी का टांडा आगमन पर स्वागत किया और निर्देशों पर पूर्ण रूप से अमल का भरोसा दिलाया। बैठक में तस्लीम पहलवान, सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद फारुक, मुबीन अहमद, इंजीनियर सलाहुद्दीन, हाफिज शकील अहमद, अशरफ अली कुरैशी, अफजाल अहमद, कारी लईक अहमद, तस्लीम प्रधान मोहनपुरा, हाजी हारून, अनीस अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोहित-विराट कोहली के दम पर टेस्ट हार का बदला लेने उतरेंगी टीम इंडिया



**दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सके**

**रांची, वार्ता।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाना है। यह मुकाबला काफी खास माना जा रहा है क्योंकि टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं, जिससे भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी। कप्तानी केएल राहुल करेंगे जबकि टीम बिना शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह के खेलेगी। दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई हैं ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सकें। दोनों टीमों के बीच वनडे मैचों का इतिहास काफी टक्कर का रहा है। अब तक कुल 58 वनडे मुकाबले खेले गए हैं जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने 30 मैच जीते हैं जबकि भारत 27 बार विजेता रहा है। इस बार भारत 3-0 से जीतकर क्रिकेट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है और टेस्ट सीरीज की हार का बदला लेना चाहता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में भी तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी, जिसमें भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। घरेलू मैदान पर भारत ने पिछले 15 सालों में वनडे में 71 प्रतिशत मैच जीते हैं जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ी ताकत है। पिछले मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर अपनी ताकत दिखाई है।

लेकिन वनडे में भारत का पलड़ा भारी माना जाता है। रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत ने अब तक 6 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें 3 में जीत हासिल की है। इस बार का मैच धोनी के शहर में होने वाला है, जो भारतीय टीम के लिए शुभ माना जाता है। जेएससीए स्टेडियम का मैदान और वहां के दर्शकों का उत्साह भारतीय खिलाड़ियों को खास ऊर्जा देता है। तीनों मुकाबले 30 नवंबर, 3 दिसंबर और 6 दिसंबर को क्रमशः रांची, रायपुर और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। इस सीरीज में भारत के पास टेस्ट की हार का हिसाब बराबर करने का मौका है। साथ ही यह मुकाबला विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए भी खास होगा क्योंकि ये दोनों खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बनने वाले हैं। दोनों की जोड़ी टीम इंडिया के लिए बड़ी ताकत साबित होने वाली है। इस मुकाबले में फैंस को एक बेहतरीन क्रिकेट मैच देखने को मिलेगा जहां टीम इंडिया अपनी सीमित ओवरों की क्षमता दिखाकर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत चुनौती देने के लिए तैयार है। यह मैच और भी खास है, क्योंकि अक्टूबर 2022 के बाद रांची में वनडे खेला जाएगा, जब भारत ने इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया था।

## धीमी पिच पर मौसम का मिजाज सही रहने की उम्मीद

**● तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज झारखंड के रा ची में होगा**

**रांची, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को झारखंड के रांची में जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। रांची की पिच सामान्य तौर पर धीमी रहती है, जिससे हाई-स्कोरिंग मुकाबलों की संभावना कम रहती है। पहले बैटिंग करने वाली टीम का औसत स्कोर 265 है, जो आधुनिक क्रिकेट के हिसाब से कम माना जाता है, पर इससे बड़ा स्कोर भी बन सकता है। पिच पर शुरूआत में तेज गेंदबाजों का प्रभाव रहेगा, उसके बाद स्पिनर्स मैच में अहम भूमिका निभाएंगे। यहां अभी तक 6 मैच खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 3 मैच जीते, 2 में हार के साथ एक मैच बिना रिजल्ट रहा। टॉस के आधार पर, टॉस जीतने वाली टीम का जीत प्रतिशत 33-33प्रतिशत है जबकि टॉस हारने वाली टीम का 50प्रतिशत रहा है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कुल 94 वनडे मैच हुए हैं, जिसमें साउथ अफ्रीका ने 51 मैच जीते हैं और भारत के नाम 40 जीते हैं। इस पिच और टीम संयोजन को देखते हुए मैच में धीमी पारी और रणनीतिक खेल देखने को मिल सकता है, जहां स्पिनर्स का बड़ा रोल होगा और कप्तान केएल राहुल की नेतृत्व क्षमता पर भी निगाहें टिकी होंगी। वहीं मौसम की बात की जाए तो 30 नवंबर को होने वाले वनडे मैच के दौरान मौसम में बादलों का डेरा रहेगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21-22डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मैच के दौरान हवाएं चलेंगी, लेकिन दोपहर तक वे कम हो जाएंगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ईरान फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ का बॉयकॉट करेगा

**तेहरान, वार्ता।** ईरान का फुटबॉल फेडरेशन 2026 फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ सेरेमनी का बॉयकॉट करेगा, क्योंकि यूनाइटेड स्टेट्स ने उसके डेलीगेशन के कई खास सदस्यों को वीज़ा देने से मना कर दिया है, जबकि ड्रॉ 5 दिसंबर को वालशगटन, डीसी में होना है। यह घोषणा करते हुए, फेडरेशन के प्रवक्ता आमिर मेहदी अलावी ने बताया कि यह फैसला ईरान के खेल और युवा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ जरूरी पूछताछ, अंदरूनी चर्चा और सलाह-मशविरे के बाद लिया गया। उन्होंने यूएस के कामों की निंदा करते हुए इसे 'खेल के खिलाफ' बताया। अलावी ने कन्फर्म किया कि फीफा को बॉयकॉट के बारे में बताया गया था और प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो समेत उसके अधिकारियों को वीज़ा के मुद्दे के बारे में बता दिया गया है।

### शांत व वेंकटेश प्रसाद के बीच होगी अध्यक्ष पद की जंग

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शनिवार को शांत कुमार की उम्मीदवारी को बहाल कर दिया है।

इसी के साथ अब आगामी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए टीम बृजेश के केएन शांत कुमार और वेंकटेश प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला होगा। न्यायालय ने चुनाव अधिकारी के 24 नवंबर के फैसले को चुनौती देने वाली शांत कुमार की याचिका को मंजूरी दी। शांत कुमार की उम्मीदवारी को तकनीकी आधार पर इसलिए रद्द कर दिया गया था कि डेक्कन हेराल्ड और प्रजावाणी स्पोर्ट्स क्लब का 200 रूपया का बकाया था, जोकि केएससीए के सदस्य हैं।

## वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उप्र के गुरु-शिष्य की जोड़ी ने लहराया जीत का परचम

**● हरीश चन्द्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल व युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता**

**लखनऊ, वार्ता।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जिले के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है।

हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया। वर्ल्ड पावर लिलफ्टग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश को गौरान्वित किया। शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता।

प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोलंबो में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय विद्यालय इटौरा के छात्र और शिक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जो प्रदर्शन किया है, वह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। योगी सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा लगातार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी रहा है। विभाग अब इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं को और मजबूत कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी घासीराम प्रजापति ने बताया कि जल्द ही विद्यालय में अत्याधुनिक पावर लिलफ्टग लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है।

## कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में

**● मैच की शुरुआती चौथे मिनट में नीलकांत ने गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई**



**मलेशिया, वार्ता।** एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को कनाडा को 14-3 से रौंदकर पूल शीर्ष पायदान के साथ सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में जगह बना ली है।

मैच की शुरुआत चौथे मिनट में नीलकांत शर्मा के गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद पदार्पण के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल किया। अगले ही मिनट में कनाडा के ब्रेंडन गुरलियुक ने गोल दागकर जवाबी हमला किया। अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने क्रमशः 12वें और 15वें मिनट में दो और गोल किए। इस 4-1 की बढ़त ने भारत को दूसरे क्वार्टर में अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद की। इस टूर्नामेंट के लिए टीम के सीनियर स्टार्स को आराम दिया गया था, इसलिए युवा खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी थी और उन्होंने उसी के अनुरूप प्रदर्शन किया। इस क्वार्टर में राजिंदर ने 24वें मिनट में, दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में और जुगराज ने 26वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। 7-1 से आगे चल रही भारतीय टीम को कोई रोक नहीं पा रहा था, लेकिन कनाडा ने तीसरे क्वार्टर में अपने अटैक में थोड़ा बदलाव किया, जिससे 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला। मैथ्यू सरमेंटो ने इसे पोस्ट में डालने में कोई गलती नहीं की और स्कोर 7-2 कर दिया। इस बीच, जुगराज ने इस क्वार्टर में 39वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक बनाई, और सेल्वम कार्ति ने 43वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को 9-2 तक पहुंचा दिया।

## लेबनान ने भारत को 2-0 से हराया

**● इस टूर्नामेंट में ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, गुजरात राज्य फुटबॉल संघ और गुजरात खेल प्राधिकरण, एशियाई फुटबॉल परिसंघ अंडर 17 द्वारा आयोजित, एशिया कप क्वालीफायर 2026 एका एरेना, ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है। ग्रुप डी में मेजबान भारत के अलावा ईरान, फलस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कल दिन का दूसरा और टूर्नामेंट का 8वां मैच भारत और लेबनान के बीच खेला गया। मैच के 24वें मिनट तक दोनों टीमें अच्छा खेल रही थीं। लेबनान के जर्सी नंबर 21 एंटोनी असफ ने 25वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से गोल पोस्ट के कोने के शीर्ष पर एक शक्तिशाली किक मारकर गोल किया। लेबनान के लिए दूसरा गोल 37वें मिनट में पॉल माक्रो ने किया। हाफ टाइम तक स्कोर लेबनान के पक्ष में 2-0 रहा। हाफ टाइम के बाद भारतीय टीम ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस नतीजे के बाद भी अगर भारत 30 नवम्बर के आखिरी मैच में ईरान से जीत जाता है तो भारत और ईरान के अंक बराबर हो जाएंगे और अगर अंक बराबर होते हैं तो हेड टू हेड में भारत क्वालिफाई कर जाएगा, क्योंकि क्वालीफिकेशन भारत और ईरान के बीच होने वाले मैच के आधार पर तय होना है। 30 नवम्बर को पहला मैच शाम 4-30 बजे चीनी ताइपे और फलस्तीन के बीच होगा।

## भारतीय एथलेटिक्स कैलेंडर में 32 के बजाए 40 इवेंट होंगे

**● भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स से पहले एथलीटों की तैयारी और बिल्ड-अप को ज्यादा से ज्यादा करने पर ध्यान देने के लिए भारत का 2026 एथलेटिक्स कैलेंडर 32 से बढ़ाकर 40 इवेंट का कर दिया गया है। 2026 के लिए घरेलू इंडियन एथलेटिक्स कैलेंडर 24 जनवरी को रांची में 60वीं नेशनल क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप से शुरू होगा और 27 अक्टूबर को चेन्नई में 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ खत्म होगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) मार्च में अपना पहला बड़ा घरेलू ट्रैक एंड फील्ड कॉम्पिटिशन होस्ट करेगा, जो ओडिशा के भुवनेश्वर में पहली नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ होगा। एएफआई 2026 कैलेंडर में भारत अगस्त में भुवनेश्वर में अपना पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर इवेंट भी होस्ट करेगा, जो 2025 में इसी जगह पर हुए ब्रॉन्ज लेवल मीट से बेहतर होगा। भुवनेश्वर मीट के अपग्रेडेड स्टेटस से रैंकिंग पॉइंट्स बढ़ेंगे, जिससे इसकी अपील बढ़ेगी और टॉप एथलीट्स का एक मजबूत ग्रुप आएगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम ने इस साल अगस्त में ब्रॉन्ज लेवल मीट होस्ट किया था। भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा। एएफआई एक और नया इंडोर कॉम्पिटिशन शुरू कर रहा है, वह है फर्स्ट इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट कॉम्पिटिशन, जो मई की शुरूआत में भुवनेश्वर में ही होगा। इसके अलावा, एक नई 16-पार्ट की रीजनल सीरीज - इंडियन एथलेटिक्स सीरीज - अप्रैल से सितंबर तक चलेगी, जिसका मकसद जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी को बढ़ाना है। यह सीरीज देश भर के कई राज्यों में होगी।

## भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने चिली को 7-0 से रौंदा

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने पूल बी के मुकाबले में चिली के खिलाफ 7-0 से शानदार जीत के साथ एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में अपने अभियान की शुरूआत की। चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को टूर्नामेंट का उद्घाट समारोह का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में भारतीय टीम के लिए रोसन कुजूर ने (16वें, 21वें), दिलराज सिंह ने (25वें, 34वें), अजीत यादव (35वें), अनमोल एक्का ने (48वें) और रोहित (59वें) ने गोल किए। इस बीच, इंडियन गोलकीपर विक्रमजीत सिंह और प्रिंस दीप सिंह ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्लेट बनाए रखा।

पहले क्वार्टर की शुरूआत थोड़ी घबराहट वाली रही, जिसमें मेहमान टीम ने काफी उम्मीदें दिखाईं और ज्यादा अनुभवी भारतीय टीम के सामने डटी रही। उन्होंने भारत को आसान मौके नहीं दिए, भले ही घरेलू टीम के स्टाइलिश स्ट्राइकर दिलराज सिंह ने सर्कल में कुछ अच्छे मौके बनाए। हालांकि पहले क्वार्टर में कोई खास सफलता नहीं मिली, 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद, भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरूआत 16वें मिनट में एक तेज गोल के साथ शानदार तरीके से की। रोसन कुजूर ने यह गोल दागकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। 21वें मिनट में रोसन ने फिर से गोलकर टीम की बढ़त लगभग तुरंत दोगुना कर दिया। इसके बाद दिलराज सिंह ने 25वें मिनट में एक गोल करके भारत को तीसरे क्वार्टर में जाने से पहले 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी।

## पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं होगा डब्ल्यूपीएल का फाइनल

**● फाइनल 5 फरवरी को होगा, टूर्नामेंट की शुरुआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे**

**मुंबई, वार्ता।** 2026 विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का फाइनल पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं खेला जाएगा। फाइनल 5 फरवरी (गुरुवार) को होगा। टूर्नामेंट की शुरूआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे, दोनों शनिवार को खेले जाएंगे। यह 28 दिनों का टूर्नामेंट दो शहरों (नवी मुंबई और वडोदरा) में आयोजित किया जाएगा। शुरूआती 11 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों डबल हेडर भी यहीं होंगे। बाकी 11 मैच वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। 3 फरवरी का एलिमिनेटर और 5 फरवरी का फाइनल इन्हीं 11 मैचों में शामिल है। डब्ल्यूपीएल ऑक्शन के दिन चेयरमैन जयेश जॉर्ज ने गुरुवार को तारीफ और वेन्यू की पुष्टि की। पहले मुकाबले को छोड़कर सभी मैच शाम के समय खेले जाएंगे। जिस सप्ताह में डब्ल्यूपीएल का फाइनल होने वाला है, उस हफ्ते कई और बड़े टूर्नामेंट होंगे।

पुरूष अंडर 19 वर्ल्ड कप डब्ल्यूपीएल फाइनल के अगले दिन 6 फरवरी को समाप्त होगा। पुरूष टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा। पहली बार डब्ल्यूपीएल जनवरी और फरवरी की विंडो में आयोजित किया जाएगा।। शुरूआती तीन सीजन फरवरी और मार्च में आईपीएल से पहले आयोजित किए गए थे। इस बार लीग किसी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से नहीं टकराएगी। मुंबई इंडियंस ने पिछली बार डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता था।

उनकी टीम टूर्नामेंट के तीन संस्करण में दो बार खिताब जीत चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वह दूसरी टीम है जिसने इस खिताब को हासिल किया है।दिल्ली कैपिटल्स तीनों सीजन में उपविजेता रही है। गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स अभी तक फाइनल में नहीं पहुंची हैं। डब्ल्यूपीएल खत्म होने के दस दिन बाद भारत ऑस्ट्रेलिया का ऑल फॉर्मेट दौरा शुरू करेगा। यह दौरा 15 फरवरी से 9 मार्च तक होगा, जिसमें तीन टी20 तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल है।

डब्ल्यूपीएल 2026 शेड्यूल
नवी मुंबई, पहला चरण

9 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।

## अगर माही भाई मैच देखने आते हैं तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा: कुएल राहुल



**रांची, वार्ता।** विवार को राजधानी रांची क्रिकेट के रोमांच से सराबोर होने वाली है। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमें पूरी तरह मैदान पर उतरी दिखीं। भारतीय खिलाड़ियों ने नेट्स में जमकर पसीना बहाया तो दक्षिण अफ्रीका की टीम भी अपने प्लान को धार देने में जुटी रही। शनिवार को फुल टीम प्रैक्टिस के बाद भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मैच से जुड़ी कई अहम बातों पर खुलकर चर्चा की। राहुल ने कहा कि रांची में खेलना हमेशा खास रहा है, क्योंकि यह शहर क्रिकेट की धड़कनों से भरा हुआ है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि यह महेंद्र सिंह धोनी का शहर है। यहां क्रिकेट नस-नस में दौड़ता है। अगर माही भाई स्टेडियम में मैच देखने आते हैं, तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा। यहां दर्शकों का समर्थन हमेशा जबरदस्त रहता है। राहुल के इस बयान ने प्रेस रूम में मौजूद पत्रकारों के चेहरे पर भी मुस्कान ला दी। पत्रकारों द्वारा किए गए सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने टीम संयोजन, विकेटकीपिंग विकल्प और स्पिनर्स के खिलाफ टीम की चुनौतियों पर भी खुलकर बात की। ऋषभ पंत की भूमिका पर पूछे गए सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि अंतिम निर्णय मैच के दिन ही होगा। राहुल ने कहा कि 'पंत भी टीम में हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। यह कल ही तय हो पाएगा कि वह विकेटकीपिंग करेंगे या सिर्फ बैटिंग पर ध्यान देंगे। टीम मैनेजमेंट इस पर विचार कर रहा है। टीम इंडिया हाल के दिनों में स्पिनर्स के खिलाफ कमजोर नजर आई है। इस पर भी राहुल ने साफ कहा कि टीम इस चुनौती को अच्छी तरह समझती है और इसे सुधारने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुराने और अनुभवी बैट्समैन से हम लगातार सीख रहे हैं कि स्पिन को बेहतर कैसे खेलें। आने वाले समय में हम इस विभाग में और मजबूत होंगे। हर सत्र में हम स्पिनरों पर खास फोकस करके प्रैक्टिस कर रहे हैं। बॉलिंग और बैटिंग रणनीति को लेकर राहुल ने ज्यादा खुलासा तो नहीं किया, लेकिन यह जरूर कहा कि टीम हालात के अनुसार अपनी प्लानिंग कर चुकी है। उन्होंने बताया कि इस विकेट पर शुरूआत में बैटिंग थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन मिडल ओवर्स में रन बनाने के अवसर जरूर मिलेंगे। राहुल ने कहा कि डेथ ओवर्स में टीम की बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत है, और सभी गेंदबाज अपनी-अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं।

## नेमार ने सांतोस को 3-0 से अहम जीत दिलाई

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार ने एक गोल किया और दूसरे गोल की नींव रखी, जिससे सांतोस ने शुक्रवार को ब्राज़ील के सीरी ए में स्पोर्ट रेसिफे पर 3-0 से घरेलू जीत हासिल करके रेलीगेशन का डर कम कर दिया। होस्ट टीम ने 25वें मिनट में गोल किया जब नेमार काउंटरअटैक पर गुइलहर्मे के पास पर दौड़े और अंदर कट करने से पहले एक लो ड्राइव मारा जो गोलकीपर गेब्रियल वास्कोनसेलोस को उनके पास वाले पोस्ट पर छका गया। स्पोर्ट के मिडफील्डर लुकास काल ने सांतोस को दूसरा गोल दिया जब उन्होंने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर हाथापाई के बाद गलती से गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया। नेमार की कॉर्नर से डिलीवरी के बाद जोआओ शिमट ने एक शानदार हेडर से नतीजे पर कोई शक नहीं जताया।



इंडोनेशिया। पश्चिमी सुमात्रा के मलालाक में बाढ़ से प्रभावित गांव में क्षतिग्रस्त घरों के पास से गुजरते लोग।

## ए-320 परिवार के विमानों में अनिवार्य मॉडिफिकेशन का निर्देश

**नई दिल्ली।** भारत सहित दुनिया भर में एयरबस के ए-320 परिवार के विमानों के लिए अनिवार्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अपडेट के आदेश जारी किए गए जिससे उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। एयर इंडिया के बेड़े में ए-320 परिवार के 104 विमान हैं। इंडिगो के पास 318 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 40 विमान ए-320 परिवार के हैं। इस प्रकार देश में इस समय ए-320 परिवार के कुल 462 विमान परिचालन में हैं। सूत्रों ने बताया कि करीब 300 विमानों पर मॉडिफिकेशन की जरूरत होगी।

## जहाज में लगी आग सुरक्षित निकाले गए 25 भारतीय

**इस्तानबुल।** तुर्की के तट के करीब शनिवार को काला सागर में एक टैंकर में 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लग गई। इसमें 25 चालक दल के सदस्य भारतीय थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस बीच, तुर्की के एक अन्य टैंकर विराट में भी कुछ देर बाद 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लगी। यह जहाज भी गांबिया के ध्वज तले समुद्र में सफर कर रहा था। तुर्किए के समुद्री मामलों के महानिदेशालय ने यह जानकारी दी। महानिदेशालय ने अपने शुरुआती बयान में कहा कि बचाव कर्मियों को घटनास्थल से वापस लाने की तैयारी की जा रही है।

# अमेरिका ने अफगानियों के वीजा पर लगाई रोक

## वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के बाद ट्रम्प सरकार का फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार ने वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना के बाद शुक्रवार से अप्रवासियों के खिलाफ जांच तेज और सघन कर दी है। साथ ही अमेरिकी विदेश विभाग ने अफगान नागरिकों के लिए वीजा जारी करने पर भी रोक लगा दी है।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के विदेश विभाग ने अफगानिस्तान के सभी लोगों को वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है। विदेश विभाग के फैसले के बाद अमेरिकी सरकार ने देशभर में सभी शरण संबंधी फैसलों को भी तुरंत प्रभाव से रोक दिया है। बीते बुधवार को अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हुई गोलीबारी के बाद ट्रम्प प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। इस गोलीबारी में नेशनल गार्ड्स




■ अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है

की एक महिला सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इससे पहले अमेरिका के अप्रवासन विभाग के निदेशक जोसेफ एल्डो ने भी पुष्टि की थी कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अगले आदेश तक अफगानिस्तान के नागरिकों को वीजा जारी न करें। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिकी सरकार अमेरिका में मौजूद हर अफगान नागरिक की पूरी तरह से सुरक्षा जांच नहीं कर लेती। वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के आरोपी की पहचान अफगान मूल के रहमानुल्ला लकनवाल के रूप में हुई थी, जो साल 2021 में अमेरिका आया था। रहमानुल्ला को इसी साल अमेरिका में शरण दी गई थी। गोलीबारी की घटना से नाराज राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रम्प प्रशासन ने 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों के दस्तावेजों की सघन जांच का भी आदेश दिया है। ट्रम्प सरकार के इस फैसले से ग्रीन कार्ड धारकों में डर का माहौल पैदा हो गया है। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है।

# लंदन में भारत-पाक की डिबेट कैंसिल

## पाक ने भारत पर पीछे हटने का आरोप लगाया, भारतीय वक्ता बोलेः इल्जाम झूठा, ईमेल-कॉल रिकॉर्ड दिखाए

**लंदन।** ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड यूनियन में भारत-पाकिस्तान के बीच 27 नवम्बर को होने वाली डिबेट कैंसिल हो गई। पाकिस्तान और भारत के वक्ताओं को इस डिबेट में हिस्सा लेना था। अब दोनों देशों ने एक-दूसरे पर बैठक से पीछे हटने का आरोप लगाया है। पहले पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया था कि भारतीय वक्ता ऑक्सफोर्ड यूनियन में होने वाली डिबेट से पहले आखिरी मौके पर भाग गए, इसलिए उन्हें 'वॉकओवर' (बिना लड़े मिली जीत) मिल गया। इसके बाद भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक ने आरोपों को झूठा बताते हुए खुलासा किया कि पाकिस्तानी टीम ही आखिरी वक्त पर बहस में शामिल नहीं हुई, जिसके बाद डिबेट को रद्द करना पड़ा।

दीपक ने सबूत के तौर पर ईमेल और कॉल रिकॉर्ड पेश किए। उन्होंने कहा कि, भारतीय टीम बहस के लिए तैयार थी, लेकिन पाकिस्तान ने डिबेट कैंसिल करवा दी। मामले में ऑक्सफोर्ड यूनियन न ऑक्सफोर्ड यूनियन दुनिया की सबसे मशहूर और पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। भारत-पाकिस्तान के बीच भी यहीं बहस होनी थी। ऑक्सफोर्ड यूनियन (ओयू) में गुरुवार रात भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच डिबेट होना तय था। ओयू दुनिया की सबसे पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं। हालांकि यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है। यह एक आजाद छात्र संगठन है। ओयू में दुनियाभर के बड़े नेता, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, अभिनेता, लेखक भाषण दे चुके हैं। बहसें लाइव होती हैं, जिसे यूटयूब पर लाखों-करोड़ों लोग देखते हैं। बहस के बाद जीत-हार दर्शकों के वोट से तय होती है। इस बार भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच होने वाली बहस का टाइटल '**India' Policy Towards Pakistan is a Populist Strategy Sold as Security Policy**' रखा गया था। इसे आसान भाषा में समझें तो इसका मतलब है, 'भारत की पाकिस्तान पर बनाई गई नीतियां जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा की जरूरत बताया जाता है।' इस डिबेट को ओयू के अध्यक्ष मूसा हर्राज ने ऑर्गनाइज किया था। मूसा पूर्व पीएम बेनजीर भुट्टो, पूर्व राष्ट्रपति अहमद नवाज और इसरार खान के बाद इसके अध्यक्ष बनने वाले चौथे पाकिस्तानी हैं। भारत की तरफ से डिबेट में शामिल होने वाले 3 लोग-पूर्व चीफ जनरल डड नरवणे, बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट थे।

जबकि पाकिस्तान की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल जुबैर महमूद हयात, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और पूर्व राजनयिक डॉ. मोहम्मद फैसल शामिल होने वाले थे। भारत की ओर से भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक डिबेट के आयोजकों के साथ संपर्क में थे। ऑक्सफोर्ड यूनियन ने बहस से दो दिन पहले दीपक को बताया कि खराब तबीयत के कारण स्वामी और नरवणे शामिल नहीं हो सकते हैं, और उनसे दूसरे विकल्प सुझाने के लिए कहा गया। दीपक यूनियन के पास कोई विकल्प लेकर पहुंचते इससे पहले ही उन्हें फोन करके बताया गया कि बहस के लिए सुहेल सेठ और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी से संपर्क कर लिया है और उन्होंने पुष्टि भी कर दी है। 26 तारीख को यूनियन ने दीपक को फोन करके बताया कि शॉर्ट नोटिस के कारण सुहेल सेठ और प्रियंका चतुर्वेदी नहीं आ सकेंगी। प्रियंका चतुर्वेदी ने भी साफ कहा कि जुलाई में उन्हें न्योता मिला था, लेकिन आयोजकों ने महीनों चुप्पी साधे रखी और 25 नवम्बर को अचानक मेल किया।



■ 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं
■ यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है यह एक आजाद छात्र संगठन है

## भारत ने श्रीलंका में राहत सामग्री की दो और खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' के तहत शनिवार को राहत सामग्री की दूसरी और तीसरी खेप भेजी। भारत ने दूसरी और तीसरी खेप में क्रमश 12 टन और 9 टन राहत सामग्री भेजी है। भारत अब तक श्रीलंका में 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की दो खेप भेजी है। उन्होंने कहा कि पहली खेप में वायु सेना के मालवाहक विमान सी-130 जे में लगभग 12 टन सहायता सामग्री कोलंबो भेजी है जिसमें टेंट, तिरपाल, कंबल, स्वच्छता किट और भोजन के पैकेट हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि दूसरी खेप में वायु सेना के मालवाहक आईएल-76 विमान में नौ टन राहत सामग्री कोलंबो भेजी गई। इसके अलावा दो बचाव टीमें और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 80 सदस्य भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब तक श्रीलंका में समुद्र और वायु मार्ग से लगभग 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है तथा और राहत सामग्री भी भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में चक्रवाती तूफान 'दित्वा' के कारण जान-माल का भारी नुकसान हुआ है और 70 लोगों की मौत हुई है तथा बड़ी संख्या में लोग लापता बताए गए हैं।

## चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता

**कोलकाता।** कोलकाता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो बैक चौनल में होते रहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है। इस स्थिति में दुनिया के कई देश असमंजस में हैं और संभावित जोखिमों से बचने के लिए सभी विकल्प खुले रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है।

## भारतीय छात्रों के लिए अब और आसान होगी ब्रिटेन में पढ़ाई

■ NISU-ICEF ने लंदन में किया रणनीतिक गठजोड़

लंदन। भारतीय छात्रों के हितों को सुरक्षित करने और उनकी विदेश शिक्षा यात्रा को अधिक पारदर्शी बनाने के लक्ष्य के साथ नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड अलम्नी यूनियन (एनआईएसएयू) ब्रिटेन और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्र की प्रमुख संस्था आईसीईएफ ने शुक्रवार को लंदन में एक नया रणनीतिक साझेदारी समझौता किया। यह गठजोड़ भारत-ब्रिटेन शिक्षा क्षेत्र में सही, जिम्मेदार और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं को बढ़ावा देगा।

इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को आवेदन के शुरुआती चरण से लेकर कोर्स पूरा होने तक विश्वसनीय और तथ्य आधारित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। एनआईएसएयू ब्रिटेन ने कहा कि यह सहयोग पारदर्शिता बढ़ाने, गलत जानकारी रोकने और मानक सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आईसीईएफ के सीईओ मार्कस बैडे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को स्पष्टता, पारदर्शिता और भरोसेमंद सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनआईएसएयू के साथ जुड़ने से दोनों संस्थाएं मिलकर सरहदों के पार एक बेहतर और सुरक्षित छात्र-केन्द्रित प्रणाली विकसित कर सकेंगी। भारत-ब्रिटेन के बीच नैतिक और पारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना, छात्रों और संस्थानों के लिए साझा गुणवत्ता मानक और दिशा-निर्देश तैयार करना और ऐसा संयुक्त डाटा और विश्लेषण तैयार करना, जो शिक्षा नीति और अंतर्राष्ट्रीय बेस्ट प्रैक्टिस को प्रभावित कर सके। एनआईएसएयू की संस्थापक और चेयर सैनम अरारा ने कहा कि आईसीईएफ की लंबे समय से गुणवत्ता पर जोर देने की नीति भारतीय छात्रों को सही समय पर सही सलाह सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि यह गठजोड़ छात्रों को भर्ती प्रक्रिया के केंद्र में रखने पर आधारित है। शिक्षा नियमों और वीजा नीतियों में लगातार बदलाव के बीच विश्वसनीय जानकारी की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। दोनों संस्थाएं उम्मीद कर रही हैं कि यह साझेदारी भारत में अवैध एजेंटों की गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद करेगी। इस दिशा में एनआईएसएयू ब्रिटेन ने दुनिया का पहला छात्र-केंद्रित एजेंट ऑफ द ईयर अवार्ड शुरू किया है, जो फरवरी 2026 में पहली बार दिया जाएगा।

# भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में बड़ा खुलासा

## भारतीयों के जीएसटी विवरण का पड़ोसी देश में हुआ गलत इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा। यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी।

ईडी ने 27 नवम्बर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे।

■ एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया

इन रसायनों का उपयोग सीमापार मेथामफेटामिन जैसी सिंथेटिक ड्रग्स के उत्पादन में किया जाता है। एजेंसी के अनुसार, यह नेटवर्क न केवल ड्रग्स की तस्करी में शामिल था, बल्कि अवैध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन के जरिए इसकी कमाई को भी छिपाया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि म्यांमार नागरिकों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग कर ड्रग निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे पदार्थों की खरीद को वैध दिखाया।

एजेंसी के अनुसार, इस योजना ने मादक पदार्थों के विनिर्माण की आपूर्ति शृंखला को बढ़ावा दिया, भारत-म्यांमार की पोरस यानी बेहद संवेदनशील और खुली सीमा वाले इलाकों जैसे मिजोरम को प्रभावित कर रही थी। इसमें कई भारतीय राज्यों तक वित्तीय और तस्करी के संबंध थे और इन गतिविधियों के माध्यम से धन शोधन किया गया। छापेमारी के दौरान कुछ हवाला संचालकों और अन्य लोगों से 46.7 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई व एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया।

## साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार पर जोर

**बीजिंग।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव शी जिनपिंग ने साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार के महत्व पर जोर दिया है। शुक्रवार को सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के एक समूह अध्ययन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शी जिनपिंग ने एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुदृढ़ ऑनलाइन वातावरण विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। शी ने कहा कि 2012 में 18वीं सीपीसी राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से, पार्टी ने साइबरस्पेस गवर्नेंस को उच्च प्राथमिकता दी है, इंटरनेट पर मुख्यधारा के मूल्यों, मुख्यधारा के विचारों और मुख्यधारा की संस्कृति को लगातार सुदृढ़ किया है।

# पाक-अफगान में फिर तेज हुआ तनाव

## पाकिस्तान सेना ने तालिबान पर घुसपैठ कराने का लगाया आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। पाकिस्तान सेना ने आरोप लगाया है कि अफगान तालिबान देश में आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहा है। सेना का दावा है कि अफगान सीमा चौकियां न सिर्फ पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग कर रही हैं बल्कि इस दौरान आतंकियों और तस्करों को सीमा पार कराने के लिए कवर भी दे रही हैं।

आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में यह गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार, अफगान तालिबान की तरफ से सीमा पर तैनात पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग की जाती है और उसी समय आतंकियों व तस्करों को खाली जगहों से पाकिस्तान में प्रवेश कराया जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सीमा चौकियां आमतौर पर परस्पर सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, लेकिन मौजूदा हालात इससे बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर होने वाले हमले बेहद समन्वित होते हैं। फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है। उन्होंने दावा किया कि कई बार पोस्टों पर हमला कर नीचे से तस्करों के वाहन गुजारे जाते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान-अफगान सीमा 2,500 किलोमीटर लंबी है, जहां पाकिस्तान ने 15 से 25 किलोमीटर की दूरी पर सैन्य चौकियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी सीमा को पूरी तरह सील करना संभव नहीं है, जैसा कि अमेरिका भी मैक्सिको सीमा पर नहीं कर पाया। इस कारण अवैध घुसपैठ को पूरी तरह रोकना चुनौती है। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर से अब तक 4910 खुफिया आधारित अभियानों (आईबीओ) को अंजाम दिया गया है, यानी औसतन रोज 233 अभियान। इन अभियानों में 206 आतंकियों को ढेर किया गया। जनवरी से अब तक 67023 अभियान चलाए गए, जिनमें से 53 हजार से अधिक बलूचिस्तान और 12800 से ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा में हुए। प्रवक्ता ने कहा कि जनवरी से अब तक 4729 आतंकी घटनाएं हुईं। पाकिस्तान ने फिर कहा कि अफगान तालिबान टीटीपी को सुरक्षित पनाह दे रहा है, जिससे दोनों देशों के संबंध बिगड़ते जा रहे हैं।



■ फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है

# 62 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने की शादी

## पत्नी 16 साल छोटी, प्रधानमंत्री रहते शादी करने वाले अल्बनीज पहले नेता

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को अपनी पार्टनर जोडी हेडन से शादी की। 62 साल के अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे पीएम बन गए हैं जिन्होंने पद पर रहते हुए शादी की। अल्बनीज ने 46 साल की जोडी हेडन से कैनबरा में पीएम ऑफिस में शादी की। हेडन फाइनेंशियल सर्विस में काम करती हैं।

अल्बनीज ने फरवरी 2024 में हेडन से सगाई थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक शब्द में पोस्ट किया-मैरिड। उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे बो-टाई पहनकर अपनी मुस्कुराती दुल्हन का हाथ थामे दिख रहे हैं। अल्बनीज और हेडन सोमवार से शुक्रवार तक ऑस्ट्रेलिया में ही हनीमून मनाएंगे, जिसका पूरा खर्च अपनी जेब से देंगे यानी कोई सरकारी मदद नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर सगाई की थी। ऑस्ट्रेलियाई पीएम की यह दूसरी शादी है। उन्होंने 2019 में अपनी पूर्व पत्नी कार्मेल टेबट से तलाक लिया था। यह शादी 19 साल चली। इस रिश्ते से उनका एक बेटा नाथन है। अल्बनीज और हेडन की मुलाकात 2020 में मेलबर्न में एक बिजनेस डिनर में हुई। थी। हेडन की भी यह दूसरी शादी है। हालांकि हेडन की पहली शादी और तलाक की जानकारी पब्लिक नहीं है। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज को उनके अपने 'अल्बो' नाम से बुलाते हैं। एंथनी का जन्म 2 मार्च, 1963 को ऑस्ट्रेलिया के शहर कैंपरडॉउन के रूढ़िवादी कैथोलिक ईसाई परिवार में हुआ। एंथनी ने जब से होश संभाला सिर्फ मां को ही अपने आसपास देखा, पिता को नहीं। जब उन्होंने पिता के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया था कि उनकी मां विदेश यात्रा पर गई थीं, वहां उनके पिता से मिलीं, उनसे शादी हुई और जब वह ऑस्ट्रेलिया लौटीं तो एक कार दुर्घटना में उनके पिता की मौत हो गई। वह इसी कहानी पर भरोसा करके बड़े हुए। एंथनी जब 14 साल के हुए थे, तब उनकी मां ने एक शाम खाने के बाद बैठकर असली सच बताया। उन्होंने कहा कि असल में उनकी शादी नहीं हुई थी। वह इटली में एक आदमी से मिली थीं, उसके साथ रिश्ता बना और वह गर्भवती हो गईं। एंथनी के पिता कार्लो क्रूज शिप के मैनेजर थे। साल 1962 में एक विदेश यात्रा के दौरान उनकी मैरियन से मुलाकात हुई। दोनों के बीच प्यार हो गया। कार्लो की किसी और महिला से सगाई हो चुकी थी। वह परिवार और समाज के डर से पुराना रिश्ता तोड़ नहीं सके।



■ अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर 46 साल की जोडी से की थी सगाई

## लूव म्यूजियम चोरी के चौथे आरोपी पर मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मौजूद दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय 'लूव म्यूजियम' में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए चौथे आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बीएफएमटीवी ने मामले से संबंधित सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए शख्स पर चोरी में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने का आरोप है। पेरिस के अभियोजक कार्यालय ने मंगलवार को कहा था कि चार आरोपी हिरासत में लिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तो इनमें से सिर्फ एक म्यूजमि में घुसने वाले चार-सदस्यीय गिरोह का हिस्सा हो सकता है।

## पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक

**ढाका।** पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। इसी बीच उनके बेटे और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान, जो 2008 से लंदन में रह रहे हैं, ने कहा है कि उनका बांग्लादेश लौटना पूरी तरह उनके नियंत्रण में नहीं है।

तारिक रहमान ने शनिवार तड़के फेसबुक पर लिखी पोस्ट में कहा कि हर बेटे की तरह मैं भी इस कठिन समय में अपनी मां के पास रहना चाहता हूं। लेकिन यह फैसला मैं अकेले नहीं ले सकता। कुछ संवेदनशील कारण हैं, जिन पर अभी विस्तार से बोलना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी 80 वर्षीय मां खालिदा जिया को छाती में इंफेक्शन होने के बाद 23 नवम्बर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह संक्रमण दिल और फेफड़ों दोनों को प्रभावित कर रहा है। रहमान ने कहा कि उनकी मां की हालत गंभीर संकट में है और वह आईसीयू में लगातार निगरानी में हैं। देश-विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। बीएनपी ने शुक्रवार को बयान जारी कर लोगों से उनके लिए दुआ करने की अपील की थी। तारिक रहमान ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन-सी परिस्थिति उनके वापस आने में बाधा है।

# रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत





**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और दीपिका पाद.ुकोण का बड़े पर्दे पर फिर से साथ आना उनके फैंस की लगातार ख्वाहिशों में से एक रहा है और ऐसा लगता है कि यह जल्द ही होने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अयान मुखर्जी अपनी अपकमिंग फिल्म में दोनों को कास्ट करेंगे और अगर लेटेस्ट डेवलपमेंट पर यकीन किया जाए, तो यह राज कपूर और नरगिस की फिल्म चोरी चोरी से थोड़ा-बहुत अडैप्टेड होगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि हाल के समय में रणबीर कपूर की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है वहीं रणवीर सिंह की फिल्में उतनी नहीं चली हैं। इसलिए इस वक्त रणबीर कपूर के करियर का ग्राफ ऊंचा देखा जा रहा है। वहीं दीपिका पादुकोण के करियर की बात की जाए तो मां बनने के बाद उनकी 8 घंटे कि शिफ्ट की डिमांड के चलते एक के बाद एक फिल्में उनके हाथ से चली गई है।

दूसरी ओर उनकी पिछली फिल्में भी कुछ खास नहीं दिखा पाई है। हाल ही में दीपिका ने एक पोस्ट भी लाइक की थी जिसमें उनके फैंस ने रणबीर के साथ फिल्म करने मांग की थी। तो ऐसे में लगता है कि दीपिका भी रणबीर के साथ फिल्म करने में दिलचस्पी ले रही हैं। ऐसे में अयान की फिल्म का अपडेट आना फैंस के लिए खुशखबरी जैसा है। रणबीर कपूर अपने दादा और हिंदी सिनेमा के शोमैन राज कपूर की डायरेक्ट की हुई फिल्म को फिर से करेंगे। खबर है कि आने वाले प्रोजेक्ट में आज के जमाने का ट्विस्ट होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नई मूवी में स्टोरीलाइन नहीं होगी, हालांकि, सेंट्रल कहानी वही रहेगी, लेकिन मॉडर्न सेटिंग में। इतना ही नहीं, खबर है कि रणबीर इस फिल्म के साथ RK फिल्म्स बैनर को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। यह नए बैनर के तहत उनका पहला प्रोडक्शन होगा। रणबीर और दीपिका एक दशक बाद फिर से साथ काम करेंगे। उन्हें आखिरी बार इम्तियाज अली की तमाशा 2015 में साथ देखा गया था। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी ए जवानी है दीवानी में त्ज्ञ और क्च की केमिस्ट्री आज भी उनके फैंस को पसंद है। एक फैन ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने प्रोड्यूसर्स और फिल्ममेकर्स से रिक्वेस्ट की कि वे रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण को एक फिल्म के लिए स्क्रीन पर साथ लाएं। वीडियो में उन्होंने कहा कि प्रोड्यूसर्स को कलेक्शन की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि जिस मूवी में वे दोनों होंगे, वह बहुत बड़ी हिट होगी। इस पोस्ट पर दीपिका पादुकोण का लाइक देखकर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। रणबीर कपूर की अपक. मिंग फिल्मों में संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर है जिसमें उनके साथ विक्की कौशल और आलिया भट्ट हैं। यह फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। उनके पास नितेश तिवारी की बड़ी फिल्म रामायण भी है। दूसरी ओर दीपिका अगली बार एटली की फिल्म में दिखेंगी जिसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। वह अभी शाहरुख खान की किंग में काम कर रही हैं। यह अगले साल थिएटर में आएगी।

## रणवीर सिंह ने इफ्फी 2025 में रजनीकांत से मुलाकात की

**पणजी।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को महान शख्सियत बताते हुए कहा कि वह इतने बड़े नहीं हैं कि उनके जैसे महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकें। रजनीकांत को फिल्म इंडस्ट्री में 50 वर्ष पूरे करने पर 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी में सम्मानित किया गया।

इस दौरान रणवीर सिंह, रजनीकांत से मिले। यह सिर्फ एक मुलाकात नहीं थी बल्कि यह परंपरा, आकर्षण और एक ही जगह खड़ी दो बड़े क्रिएटिव ताकतों का जश्न था। जब रणवीर स्टेज पर आए और रजनीकांत को नमस्कार किया, तो उन्होंने कहा, मैं इतना बड़ा नहीं हूं कि इतनी महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकूं, रणवीर सिंह ने इसी बात से फिर एक बार सबका दिल जीत लिया। रजनीकांत और रणवीर जब दोनों ने मंच पर एक-दूसरे का अभिवादन किया, तो माहौल अचानक बदल गया: फैन्स खुशी से झूम उठे, कैमरे लगातार चमकने लगे और यह पल फिल्म इतिहास में दर्ज होने जैसा बन गया।उनकी बातचीत सिर्फ स्टार पावर नहीं दिखा रही थी। यह दो फिल्मी दुनिया के मिलकर आने जैसा था, जैसे रणवीर की अच्छी एक्टिग और रजनीकांत की सादगी भरी लेकिन बेहद असरदार पहचान का मिलना। दोनों अपने-अपने तरीके से एक अलग पहचान रखते हैं। रणवीर नई पीढ़ी के वो स्टार हैं जो स्टार बनने का मतलब बदल रहे हैं, जबकि रजनीकांत वो स्टार हैं जिन्हें लोग सबसे बड़ा सुपरस्टार मानते हैं। लाखों लोग उन्हें सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक महान इंसान की तरह देखते हैं।

# 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हुआ भव्य समापन



**पणजी।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 का शुक्रवार की शाम गोवा के डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में भव्य समापन हुआ।

पिछले नौ दिनों 20-28 नवम्बर के दौरान, गोवा भर में फैले फिल्म महोत्सव के स्थलों पर दमदार कहानियों और जीवंत प्रदर्शनों ने सिल्वर स्क्रीन और मंचों को अपनी कला से जगमगा दिया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और कला के लिए एक वैश्विक भावना देखने को मिली। प्रतिष्ठित और उभरते कलाकारों की रेड कार्पेट पेशकश, शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिष्ठित तथा नई सिनेमाई प्रतिभाओं को सम्मानित करने वाले पुरस्कारों ने इस शाम को सिनेमा प्रेमियों के लिए यादगार बना दिया। उत्सव का समापन रत्चापूम बूनबंचचोक द्वारा निर्देशित फिल्म यह यूजफुल घोस्ट के प्रदर्शन के साथ हुआ, सिनेमा की एक ऐसी अनूठी प्रस्तुति, जिसने कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और पुरस्कारों में प्रशंसा हासिल की है।शाम के समारोहों के बीच, बहुप्रतीक्षित पुरस्कारों की घोषणा के साथ इस पूरे समारोह के वो खास पल सामने आए, जिसमें उन प्रतिभाशाली रचनाकारों और उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

जिन्होंने अपनी कलात्मक उत्कृष्टता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एशले मेफेयर द्वारा निर्देशित स्किन ऑफ यूथ ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार हासिल किया। मराठी फिल्म गोंधल के निर्देशक संतोष दवाखर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। स्पेनिश फिल्म अ पोएट के मुख्य अभिनेता उबेइमार रियोस को सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सिल्वर पीकॉक पुरस्कार, लिटिल ट्रबल गर्ल्स की निर्माता जारा सोफिया ओस्तान द्वारा स्वीकार किया गया। माई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिलामाई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिला।

# किआरा और सिद्धार्थ ने बेटी सराया की पहली तस्वीर शेयर की



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के पॉपुलर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपनी नवजात बेटी के नाम का खुलासा किया है। एक दिल छू लेने वाले इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों कलाकारों ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी राजकुमारी का नाम सराया मल्होत्र रखा है। साथ ही उन्होंने कपल के हाथों में बेटी के नन्हे-नन्हे पैरों की एक कोमल तस्वीर भी शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमारी दुआओं से हमारी गोद में हमारी दैवीय आशीर्वाद, हमारी राजकुमारी, सराया मल्होत्रा। इस जोड़ी ने इससे पहले 16 जुलाई को अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ साझा की थी।

एक्टर सिद्धार्थ और कियारा ने फरवरी 2023 में राजस्थान में शानदार लेकिन निजी समारोह में शादी रचाई थी। दोनों पहली बार फिल्म शेरशाह की शूटिंग के दौरान मिले और प्यार हो गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा हाल ही में तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी और दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म ष्परम सुंदरीष में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री जान्हवी कपूर थीं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी की सबसे हालिया रिलीज फिल्म वॉर 2 रही, जिसका निर्देशन आयान मुखर्जी ने किया है। इसमें एक्टर हृतिक रोशन ने एक बार फिर कबीर का किरदार निभाया। सीक्वल में जूनियर एनटीआर और श्री हृतिक रोशन के बीच देशसेवा के अपने-अपने आदर्शों के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिली। वॉर 2 रजनीकांत की फिल्म कुली के साथ रिलीज हुई थी, जिसमें नागार्जुन भी मुख्य भूमिका में हैं।

# महावतार नरसिम्हा बेस्ट एनिमेटेड कैटेगरी में ऑस्कर की रेस में शामिल



**मुंबई।** भारत की पौराणिक एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने 2026 के ऑस्कर के लिए विचाराधीन 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक सूची जारी की है, जिससे भारतीय फिल्म बड़े अंतरराष्ट्रीय दावेदारों में शामिल हो गई है। ऑस्कर में महावतार नरसिम्हा का मुकाबला के-पॉप डेमन हंटर, जूटोपिया 2 और डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल जैसी हिट फिल्मों से होगा। एएमपीएएस ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में 35 फीचर फिल्में विचार के लिए मौजूद हैं। कुछ फिल्में अभी क्वालिफाई नहीं हुई हैं। इन्हें प्रक्रिया पूरी करनी होगी और वोटिंग प्रोसेस में आगे बढ़ने के लिए सभी कैटेगरी नियमों का पालन करना होगा।

वोटिंग राउंड के बाद आखिरी पांच नॉमिनी की घोषणा की जाएगी। एकेडमी ने आगे साफ किया कि एनिमेशन शाखा के सदस्य अपने आप कैटेगरी में वोट करते हैं, जबकि दूसरे एकेडमी सदस्य अगर कम से कम देखने की जरूरतें पूरी करते हैं तो वे इसमें शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए शामिल की गई एनिमेटेड फीचर फिल्म भी एनिमेटेड कैटेगरी में योग्य हैं, और फिल्म इसके अलावा बेस्ट पिक्चर और दूसरे अवॉर्ड के लिए भी क्वालिफाई कर सकती हैं। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित और होम्बले फिल्म्स के तहत शिल्पा धवन द्वारा प्रोड्यूस की गई, महावतार नरसिम्हा भगवान नरसिम्हा की कहानी है, जो भगवान विष्णु के आधे इंसान, आधे शेर के अवतार हैं। यह फिल्म विष्णु के दस अवतारों से प्रभावित , प्लान किए गए सात-भाग वाले महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स का पहला भाग है। फिल्म अभी नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

# एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** निकिल सिद्धार्था, साम्युक्था और नभा नटेश की आने वाली ऐतिहासिक एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी हो गई है। इस मौके पर मेकर्स ने राइज ऑफ स्वयंभू नाम का एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में फिल्म की भव्य दुनिया, शानदार सेट्स और बड़े पैमाने पर हुए काम की झलक दिखाई गई है। मेकर्स ने एक और बड़ी खबर साझा की है। फिल्म के ओवरसीज विदेशों में राइट्स फार्स फिल्म ने खरीद लिए हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक जबरदस्त वीडियो डालकर बताया कि ओवरसीज राइट्स फार्स फिल्म को बेच दिए गए हैं। मनोरंजन जगत के कुछ बेहतरीन टेक्निशियंस और क्रिएटर्स, डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारि, केजीएफ और सालार के म्यूजकि डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंथिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तमीराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली आर्टिस्ट, सभी इस महत्वाकांक्षी फिल्म की तैयारी में जुड़े हुए हैं। फिल्म की शूटिग में लगभग 170 दिन लगे। स्वयंभू को पिक्सेल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है। भारत के गौरवशाली इतिहास और शाश्वत वैभव को समर्पित यह भव्य फिल्म अगले साल 13 फरवरी को महाशिवरात्रिके मौके पर दुनियाभर में रिलीज होगी।

# दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स फ्री हुई फिल्म 120 बहादुर



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार-अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर को दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री कर दिया गया है।

फिल्म 120 बहादुर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस साल की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्मों में से एक, यह फिल्म मीडिया और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज दोनों से जबरदस्त तारीफें बटोर रही है। दिल्ली के बाद इसे अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री घोषित कर दिया गया है। फरहान अख्तर ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, ष्हम राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह उनका सम्मानजनक कदम है, जो मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी के प्रत्येक सैनिक के असाधारण साहस को श्रद्धांजलि देता है। फिल्म 120 बहादुर, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की जबरदस्त बहादुरी को दिखाती है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में हुई मशहूर रेजांग ला की लड़ाई में हिस्सा लिया था। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भारतीय सेना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक में हर मुश्किल के सामने डटे रहे। इस फिल्म रजनीश रेजी घई ने निर्देशित किया है और इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमित चंद्रा ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108